आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 91 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, शनिवार, 05 अप्रैल, 2025

# स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए लागू की शराबबंदी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री का दतिया में शराबबंदी लागू करने पर हुआ भव्य नागरिक अभिनंदन

**संवाददाता ● भोपाल**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 'वसुधैव कुटुंबकम' के विचार वाली भारतीय संस्कृति संपूर्ण विश्व को परिवार मानती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इस सिद्धांत पर चल रही राज्य सरकार सभी के हित और कल्याण के लिए समर्पित है। परिवारों का वातावरण खराब न हो, मेहनत से कमाए गए पैसे का उपयोग परिवार के हित में हो, यह सुनिश्चित करने के लिए ही शराबबंदी लागू की गई है। धार्मिक नगरों में पवित्र भाव की अनुभूति होती है, अतः प्रदेश में विद्यमान 19 देव-स्थानों की गरिमा को बनाए रखने के लिए ही इन स्थानों पर शराबबंदी लागू की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव माँ पीताम्बरा की नगरी दतिया में शराबबंदी लागू करने के लिए आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधियों और नागरिकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दतिया में शराबबंदी के लिये नागरिक अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दतिया सहित प्रदेश में जहां-जहां देवी मां की कृपा है, वहां देवी लोक विकसित किए जाएंगे। चित्रकूट सहित भगवान श्रीराम से जुड़े प्रदेश के सभी स्थानों का श्रीराम वनपथ गमन मार्ग के अंतर्गत उन्नयन किया जा रहा है। इसी प्रकार भगवान श्रीकृष्ण की जहां-जहां भी लीलाएं हुईं, उन स्थानों को भी तीर्थ के रूप में विकसित करने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति के मूल भाव 'सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामयः' के अनुरूप राज्य सरकार सबके कल्याण के लिए ही समर्पित भाव से काम कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। राज्य सरकार के लिए कृषकों का हित सर्वोपरि है, किसानों को उनकी मेहनत और उपज का सही दाम मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए ही 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर गेहूं खरीदा जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश के लिए 'केन-बेतवा' लिंक परियोजना और 'चंबल-काली सिंध-पार्वती' नदी जोड़ों परियोजना जैसी सौगात प्रदेश को दी है। साथ ही ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से जमीन नहीं बेचने का आहवान करते हुए कहा कि इन नदी जोड़ो परियोजनाओं से दतिया भी लाभान्वित होगा और किसान परिवारों का खुशहाल जीवन सुनिश्चित है। डबल इंजन की सरकार में जनता का हित सर्वोपरि है, प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने जो कहा वह करके दिखाया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनावश्यक खर्चों से परहेज करने के लिए जनसामान्य को प्रेरित करते हुए कहा कि विवाह और मृत्यु भोज जैसे आयोजनों में अनावश्यक खर्च करना व्यर्थ है। अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और उनके भविष्य निर्माण पर ध्यान देना ही परिवारों की सर्वोच्च प्राथमिकता होना चाहिए। हर गरीब को रहने के लिए पक्का मकान, हर जरूरतमंद के लिए भोजन की व्यवस्था जैसी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश में संचालित सर्वांगीण विकास और जन-कल्याण की गतिविधियां राम राज्य के आदर्श के समान है।

### मुख्यमंत्री ने माँ पीताम्बरा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को दतिया में माँ पीताम्बरा माई के दरबार में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उनके साथ पूर्व गृह मंत्री डॉ. मिश्रा सहित जन-प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ 8 राज्यों में प्रदर्शन

# कोलकाता-अहमदाबाद में पोस्टर जलाए; यूपी में नमाजी को पीटा

**एजेंसी ● नई दिल्ली**




वक्फ संशोधन बिल के संसद से पास होने के खिलाफ देश में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद पश्चिम बंगाल, गुजरात, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, असम में मुस्लिमों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। इसमें महिला-बच्चे भी शामिल हैं।

**विरोध**

उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में पुलिस हाई अलर्ट पर है। फ्लैग मार्च जारी है। लखनऊ में दरगाहों और मस्जिदों की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। यूपी अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशफाक सैफी को वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करने पर जान से मारने की धमकी मिली। उनके बहनोई को पीटा गया।

गुजरात के अहमदाबाद में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर जुटे। उनके पोस्टर-बैनर पर वक्फ बिल वापस लो, रिजेक्ट यूसीसी लिखा था। लोगों ने बांह पर काली पट्टे बांधी हुई थी। भीड़ ने 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाए। पुलिस ने 50 लोगों को हिरासत में लिया।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में पार्क सर्कस क्रासिंग में हजारों लोग सड़कों पर जमा हुए। यहां भी वक्फ बिल रिजेक्ट के बैनर-पोस्टर लिए लोग विरोध कर रहे हैं। कोलकाता में कई जगहों पर विरोध हो रहा है। लोगों ने वक्फ बिल के विरोध की तख्तियां जलाईं।

रांची में भी हंगामा हो रहा है। लोगों ने कहा कि वक्फ बिल देश के लिए सही नहीं है, मुस्लिमों के लिए सही नहीं है। बिहार में भी बिल के विरोध में लोग सड़कों पर हैं। तमिलनाडु में एक्टर विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम के कार्यकर्ताओं ने बिल का विरोध किया।

## वक्फ बिल का विरोध, 7 मुस्लिम नेताओं ने JDU छोड़ी

JDU ने वक्फ संशोधन बिल पर मोदी सरकार का समर्थन किया है। इसके बाद से CM नीतीश कुमार की पार्टी में घमासान मचा हुआ है। बगावत शुरू हो गई है। एक के बाद मुस्लिम नेताओं का इस्तीफा जारी है। अब तक बिल को समर्थन देने से नाराज 7 मुस्लिम नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है। इनमें पूर्व प्रदेश सचिव एम. राजू नैयर, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोहम्मद शाहनवाज मलिक, बेतिया जिला के उपाध्यक्ष नदीम अख्तर, प्रदेश महासचिव सिएन मो. तबरेज सिद्दीकी अली, भोजपुर से पार्टी सदस्य मो. दिलशान राईन और खुद को मोतिहारी के ढाका विधानसभा सीट से पूर्व प्रत्याशी बताने वाले मोहम्मद कासिम अंसारी शामिल हैं। नवादा जिले के जेडीयू जिला सचिव मोहम्मद फिरोज खान ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। फिरोज खान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दोहरी नीति का हवाला देते हुए यह कदम उठाया है। मुस्लिम नेताओं ने वक्फ बिल के समर्थन पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि पार्टी ने लाखों मुसलमानों का भरोसा तोड़ा है। हालांकि, पार्टी ने दावों को खारिज किया है।

### JDU बोली- पार्टी से लेना-देना नहीं

JDU की ओर से इन इस्तीफों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा गया है कि मोहम्मद कासिम अंसारी और नवाज मलिक पार्टी के किसी भी आधिकारिक पद पर नहीं हैं। पार्टी ने स्पष्ट किया कि इन दोनों नेताओं का JDU के संगठनात्मक ढांचे से कोई लेना-देना नहीं है। जदयू के जिला अध्यक्ष मंजू देवी ने कहा है कि डॉ. कासिम अंसारी अब पार्टी के सदस्य नहीं हैं। कासिम अंसारी की एक तस्वीर साझा करते हुए ढाका प्रखंड अध्यक्ष नेहाल ने आरोप लगाया कि वे कांग्रेस नेताओं के साथ दिख रहे हैं। नेहाल ने कासिम अंसारी को जदयू की सदस्यता से जुड़े प्रमाण पेश करने की चुनौती भी दी।

### वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे ओवैसी और कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद

कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने शुक्रवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 की वैधता को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया और दावा किया कि यह संवैधानिक प्रविधानों का उल्लंघन करता है। वहीं एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी बिल के खिलाफ याचिका दाखिल की है। मोहम्मद जावेद की याचिका में कहा गया है कि विधेयक वक्फ संपत्तियों और उनके प्रबंधन पर मनमाने प्रतिबंध लगाता है, जिससे मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वायत्तता कमजोर होती है। इस याचिका को अधिवक्ता अनस तनवीर के माध्यम से दायर किया गया है।

#### मुस्लिमों के साथ भेदभाव का आरोप

याचिका में कहा गया है कि विधेयक मुस्लिम समुदाय के साथ भेदभाव करता है क्योंकि इसमें ऐसे प्रतिबंध लगाए गए हैं जो अन्य धार्मिक बंदोबस्तों के प्रशासन में मौजूद नहीं हैं। बता दें कि राज्यसभा में 128 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में और 95 ने विरोध में वोट किया था।

## ममता को जेल भेजेंगे; सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं, इस्तीफा दें : भाजपा

**एजेंसी ● कोलकाता**

भाजपा ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे और उन्हें जेल भेजने की मांग की। भाजपा ने सिलीगुड़ी में विरोध रैली निकाली। इस दौरान विधायक शंकर घोष ने कहा, 'हम ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग करते हैं। पूरे मंत्रिमंडल पर दर्ज किया जाना चाहिए। अधिकतर मंत्रियों पर पहले ही मामला दर्ज किया जा चुका है। वे जेल जा रहे हैं, तो फिर ममता पर क्यों नहीं।'

**पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला**



वहीं, केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने दावा किया कि ममता बनर्जी शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में जेल जाने वाली दूसरी मुख्यमंत्री होंगी। हरियाणा के चार बार मुख्यमंत्री रहे दिवंगत ओम प्रकाश चौटाला ऐसे ही एक मामले में 2013 में जेल गए थे।

**सुकांत बोले-** भ्रष्टाचार में शामिल पूरे मंत्रिमंडल को जेल जाना चाहिए मजूमदार ने कहा- 26 हजार भर्ती में से करीब 20 हजार का चयन सही तरीके से हुआ। घोटाले का फायदा TMC नेताओं को। भ्रष्टाचार में शामिल पूरे मंत्रिमंडल को जेल भेजा जाए।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने सरकार को भ्रष्ट तरीके से भर्ती हुए उम्मीदवारों की पहचान करने का सुझाव दिया था, लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। इस वजह से सभी उम्मीदवारों की नियुक्ति समाप्त कर दी गई। सरकार को वास्तविक उम्मीदवारों का भविष्य बचाने के लिए कानूनी संभावना तलाशनी चाहिए।

**ममता बोलीं-** व्यक्तिगत तौर पर फैसला स्वीकार नहीं सुप्रीम कोर्ट के फैसले ममता ने कहा- वह व्यक्तिगत रूप से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वीकार नहीं करती हैं, लेकिन उनकी सरकार इसे लागू करेगी और चयन प्रक्रिया को फिर से दोहराएगी। उन्होंने सवाल किया कि क्या विपक्षी BJP और CPM चाहते हैं कि बंगाल की शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त हो जाए।

**संबित पात्रा ने कहा-** जिम्मेदारी की भावना बची है, तो पद छोड़ दें ममता बनर्जी पर टिप्पणी करते हुए भाजपा सांसद और प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि अगर भाजपा राज्य में सत्ता में आती है तो बनर्जी को कानून से कोई नहीं बचा पाएगा। उन्हें अब सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। अगर उनमें जरा भी जिम्मेदारी बची है, तो उन्हें पद छोड़ देना चाहिए।

## मणिपुर : 11 उग्रवादी किए गए गिरफ्तार, भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

**एजेंसी ● इंफाल**

सुरक्षा बलों ने मणिपुर के कई घाटी जिलों से प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े 11 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, कई ऑपरेशनों के दौरान बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए। पुलिस के मुताबिक सुरक्षाबलों ने पीआरईपीएके के दो सक्रिय सदस्यों को इंफाल पश्चिम जिले के लांगथाबल कुंजा से गिरफ्तार किए गए, जबकि कांगलेई यावल कन्ना लुप (केवाईकेएल) का एक अन्य सदस्य उसी जिले के अवांफ पोतसांगबाम से पकड़ा गया। एक अन्य उग्रवादी, जो प्रतिबंधित केवाईकेएल (एसओआरईपीए) से संबंधित था, को थौबाल जिले के उनिंगखोंग क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

इसके अलावा, सुरक्षा बलों ने एक कुकी सशस्त्र समूह की तरफ से कथित रूप से बनाए गए 13 बंकरों को नष्ट किया।

# मोहम्मद यूनुस से बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी : बांग्लादेश में जल्द चुनाव कराएं

## संबंधों को नुकसान पहुंचाने वाली बयानबाजी से बचने की हिदायत; हिन्दुओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाया

**एजेंसी ● बैंकॉक**

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बांग्लादेश में जल्द चुनाव कराने की अपील की। साथ ही संबंधों को नुकसान पहुंचाने वाली बयानबाजी से बचने के लिए भी कहा है।

**अपील**

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मोदी-यूनुस से मुलाकात को लेकर जानकारी दी। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मोदी ने यूनुस से कहा कि लोकतंत्र में चुनाव बहुत जरूरी हिस्सा है। पीएम ने उम्मीद जताई कि बांग्लादेश में जल्द ही लोकतांत्रिक और स्थायी सरकार देखेंगे।

दोनों नेताओं के बीच बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की हालत पर भी बातचीत हुई। पीएम मोदी ने इस मुद्दे को खुलकर सामने रखा। यूनुस ने भरोसा दिया कि बांग्लादेश सरकार अपनी जिम्मेदारियों पर खरी उतरेगी।

दोनों नेताओं ने थाईलैंड में BIMSTEC समिट की साइडलाइन में यह मुलाकात की है। बांग्लादेश में पिछले साल अगस्त में हुए तख्तापलट के बाद पीएम मोदी पहली बार यूनुस से मिले हैं।

यूनुस के पद संभालने के बाद से भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। मोहम्मद यूनुस ने हाल ही में अपनी चीन यात्रा के दौरान कहा था कि भारत का नॉर्थ-ईस्ट लैंडलॉक्ड है और उसकी समुद्र तक पहुंच नहीं है। समुद्र तक पहुंचने के लिए बांग्लादेश इस क्षेत्र का मुख्य दरवाजा है।

इस बयान को लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने कड़े शब्दों में जवाब दिया था। जयशंकर ने कहा, हम यह मानते हैं कि सहयोग एक व्यापक चीज है। ऐसा नहीं हो सकता है कि आप सिर्फ अपने फायदे की ही बात करें, बाकी बातों को नजरअंदाज कर दें।



### डिनर में साथ दिखे थे दोनों नेता

इससे पहले कल रात BIMSTEC डिनर में दोनों नेता एक साथ दिखाई दिए थे। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को दोनों के बीच मुलाकात होने का दावा किया था। पीएम मोदी ने BIMSTEC देशों की 6वीं समिट में भी हिस्सा लिया। इस दौरान थाईलैंड की प्रधानमंत्री पेइतोंग्तार्न शिनवात्रा ने उनका स्वागत किया।

इससे पहले उन्होंने आज म्यांमार के मिलिट्री लीडर जनरल मिन आंग से मुलाकात की। इस दौरान PM मोदी ने म्यांमार में भूकंप की वजह से मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही कहा कि भारत म्यांमार की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

#### PM मोदी ने वात फो मंदिर के दर्शन किए

BIMSTEC के बाद पीएम मोदी थाईलैंड के ऐतिहासिक वात फो मंदिर गए। यहां पीएम ने बौद्ध भिक्षुओं से मुलाकात की और मंदिर में पूजा की। वात फो मंदिर बैंकॉक में स्थित है और अपने विशाल लेटे बुद्ध (रिक्लाइनिंग बुद्धा) प्रतिमा के लिए फेमस है। वात फो थाईलैंड के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। इसमें 1,000 से अधिक बुद्ध प्रतिमाएं और 90 से अधिक स्तूप हैं।

सुबह से देर रात तक 'सबके राम' महोत्सव में प्रतिदिन जुट रहा भक्तों का मेला – सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी

# 'अवध लोक' श्रीराम महायज्ञ की परिक्रमा करने पहुंच श्रद्धालु

संवाददाता ● इंदौर

श्रद्धा

दशहरा मैदान स्थित 'अवध लोक' पर चल रहे श्रीराम जन्मोत्सव में श्रीराम महायज्ञ की यज्ञशाला में परिक्रमा करने वाले भक्तों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। विद्वान आचार्यों के निर्देशन में चल रहे इस महायज्ञ में 11 लाख आहुतियां समर्पित करने का लक्ष्य है, लेकिन जिस रफ्तार से आहुतियों की संख्या बढ़ रही है, उसे देखते हुए लगता है कि यह आंकड़ा 15 लाख तक पहुंच जाएगा। अब तक यहां 10 लाख आहुतियां संपन्न हो चुकी हैं। आज भी अनेक दिव्यांग, नेत्रहीन, मूक-बधिर एवं अन्य समस्याओं से ग्रस्त पीड़ित श्रद्धालुओं ने यज्ञ शाला की परिक्रमा की। ग्रीष्मकाल की तपन को देखते हुए प्रतिदिन सुबह-शाम यज्ञशाला की परिक्रमा करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। मेले में भी परिवार सहित भक्तों के आगमन का सिलसिला शबाब पर पहुंच रहा है। प्रतिदिन रात्रि को सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी श्रद्धा एवं आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है।

सबके राम लोक कल्याण समिति के संयोजक महेन्द्रसिंह चौहान एवं श्रीमती प्रवीणा अग्निहोत्री ने बताया कि दशहरा मैदान पर निर्मित अयोध्या के रामलला मंदिर की प्रतिकृति में राम दरबार के दर्शन-पूजन एवं आरती करने के लिए गुरुवार रात प्रदेश भाजपा के संगठन मंत्री हितानंद शर्मा, देवी अहिल्या त्रिशताब्दी वर्ष समारोह समिति के अध्यक्ष उदयसिंह होलकर, राज्य के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा, हरप्रीतसिंह बख्शी, मालासिंह ठाकुर, हरीश उप्पल, मिलेनियम स्कूल की प्राचार्य संगीता उप्पल, समाजसेवी कुलभूषण मित्तल-सपना मित्तल के अलावा सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने भी पूजा-अर्चना कर महाआरती में भाग लिया और रामलला मंदिर की पृष्ठभूमि में चल रहे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आए कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। गुरुवार रात को यहां रंगकर्मी नेहा मुकाती एवं उनकी टीम द्वारा राम अर्चन का प्रभावी मंचन किया गया। सर्व ब्राह्मण समाज की ओर से पं. दिनेश शर्मा, पं. अनूप शुक्ला, नवनीत शुक्ला, सुरेश काका, पं. देवेन्द्र शर्मा, पं. संजय जारोलिया सहित अनेक ब्राह्मण संगठनों के प्रतिनिधियों ने रामलला मंदिर में भी पूजा-अर्चना की।



### आज के कार्यक्रम

दशहरा मैदान अवध लोक पर चल रहे सबके राम महोत्सव में शनिवार, 5 अप्रैल को रात 8 बजे से मलखंभ की शानदार प्रस्तुति रतलाम के जवाहर व्यायामशाला के कलाकारों द्वारा दी जाएगी। यह टीम इंडिया गॉट टैलेंट में भी अपना प्रदर्शन कर चुकी है। रविवार, 6 अप्रैल को रामायण मंचन का अनूठा आयोजन शाम्भवी तिवारी एवं रंजना नामजोशी की टीम द्वारा किया जाएगा। नवरात्रि में प्रतिदिन यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों का सिलसिला चल रहा है। सभी कार्यक्रम निशुल्क और आम लोगों के लिए खुले हैं।

### परिवार सहित मेले का आनंद

अवध लोक में परिवार सहित आने वाले बंधुओं के लिए देश के विभिन्न राज्यों के लोकप्रिय व्यंजनों के साथ ही बच्चों के लिए झूले, चकरी, आईस्क्रीम, कुल्फी, लिट्टी चोखा, पूड़ी-श्रीखंड, पूरणपोली, पानीपुरी सहित विभिन्न प्रकार के व्यंजन भी किफायती दर पर उपलब्ध रहेंगे। करीब 50 स्टाल इन व्यंजनों के लगाए गए हैं।

## शॉट न्यूज

### सुपर कॉरिडोर पर गांजा लेकर घूम रहे थे तस्कर

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच की दूसरी टीम ने सुपर कॉरिडोर के पास से शानू उर्फ विकास सेन (निवासी बखतगढ़ बदनावर), अजय सिंह देवड़ा और सुजल गुर्जर (निवासी लवकुश चौराहा) को पकड़ा। आरोपियों की कार की तलाशी लेने पर उसमें से करीब 11 किलो 700 ग्राम गांजा मिला। तीनों आरोपी बाहर से गांजा लाकर इंदौर में बेचने की तैयारी में थे। क्राइम ब्रांच आरोपियों से पूछताछ कर रही है कि नशे का माल कहां से लाते थे और किन-किन को सप्लाई करते थे। डीसीपी का कहना है कि नशे के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।


### दो आरोपियों से 15 लाख की एमडी ड्रग्स पकड़ी

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच ने कार्यवाही करते हुए दो अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले आरोपियों को 51 ग्राम अधिक एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस ने एक फोर व्हीलर वाहन भी जब्त किया है। जब्त एमडी ड्रग्स की कीमत 15 लाख बताई जा रही है। क्राइम ब्रांच द्वारा संदेहियों को लेकर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान टिगरिया बादशाह रोड स्थित मेट्रो ढाबे के पास से संदिग्ध बेलीनो कार दिखी, जिसमें बैठे संदिग्ध पुलिस वाहन को देखकर घबराकर कार वापस पलटने का प्रयास करने लगे, जहां पुलिस द्वारा आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम जफर पठान और इरफान होना बताया। तलाशी लेने पर उनके पास अवैध मादक पदार्थ 51.34 ग्राम एमडी ड्रग्स होना पाई गई। वही पकड़े गए आरोपी अन्य राज्यों से सस्ते दामों एमडी ड्रग्स लाकर सस्ते दामों में युवाओं को बेच दिया करते थे।

### निगमायुक्त व अपर आयुक्तों की कार और दफ्तर की कुर्की

**इंदौर**। नगर निगम में हाल ही में वित्तीय साल में 1000 करोड़ का राजस्व प्राप्त करने की उपलब्धि हासिल की। आठ हजार करोड़ से ज्यादा का बजट पेश किया और इस पर जब शुक्रवार को निगम परिषद में बहस चल रही थी, उधर निगमायुक्त और अपर आयुक्तों के वाहन और दफ्तर कुर्क हो गए। इस घटनाक्रम ने निगम परिसर में हड़कंप मचा दिया। एडीजे कोर्ट से हुए बजावरी आदेश के चलते यह कार्रवाई हुई। मामला सवा दो करोड़ रुपए के बजावरी कोर्ट आदेश का है। निगम आयुक्त सहित अधिकारियों के वाहनों के साथ दफ्तर की कुर्की हुई हैं। सवा दो करोड़ के बजावरी प्रकरण में कोर्ट आदेश पर यह कार्रवाई हुई है। निगम में जब्ती कुर्की के लिए लिए टीम पहुंची तो निगम में हड़कंप मच गया। सड़क चौड़ीकरण में टूटे मकान के एवज में ये क्षतिपूर्ति राशि निगम को देना थी जो नहीं दी गई।

## भोजपुरी समाज का लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा समापन





संवाददाता ● भोपाल

समापन

भोजपुरी एकता मंच के अध्यक्ष कुंवर प्रसाद ने बताया कि भोजपुरी समाज का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ पूजा का आयोजन भोजपुरी एकता मंच के तत्वाधान में शीतल दास के बगिया कमला पार्क एवं महर्षि पतंजलि परिसर बीडीए कॉलोनी बटुकेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में गोंदर मऊ में किया गया उगते हुए सूर्य भगवान को ऋतु फल ठेकुआ पकवान अक्षत धूप दीप के साथ गाय के कच्चे दूध से सामूहिक रूप से अर्ध दिया गया व्रत धारी महिलाओं ने अपने परिवार के सुख समृद्धि संतान की लंबी आयु के लिए 36 घंटे का निर्जला व्रत रखती है घाट से घर पर आने के बाद सभी व्रतधारी अपना समापन करते हैं जिसे पारण कहते हैं इसके उपरांत प्रसाद का वितरण किया जाता है चैती छठ वही लोग करते हैं जिनकी मन्नत पूरी हो जाती है इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे भोजपुरी एक्टर मंच के अध्यक्ष कुंवर प्रसाद शैलेंद्र सिंह विजय सिंह सरिता सिंह रीमा देवी संध्या सिंह बबीता सिंह सुरभी सिंह अरुण सिंह इत्यादि।

## पीएनबी हाउसिंग ने अफोर्डेबल सेगमेंट में 5,000 करोड़ रुपये किया कारोबार

एजेंसी ● मुंबई

पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने अफोर्डेबल सेगेमेंट में 31 मार्च 2025 तक 5,000 करोड़ रुपये का महत्वपूर्ण कारोबार हासिल किया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि, व्यक्तियों और परिवारों को अपना घर खरीदने की दिशा में सशक्त बनाने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। सस्ते और उभरते बाजार सेगमेंट के प्रदर्शन के साथ, 31 मार्च 2025 तक खुदरा सेगमेंट कर्ज में सालाना आधार पर 18% की वृद्धि हुई। 31 मार्च 2025 तक कंपनी का कुल लोन बुक 75,000 करोड़ रुपये को पार कर गया। प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए श्री गिरीश कौसगी ने कहा, जीवन को बेहतर बनाने के सामान्य लक्ष्य के प्रति टीम के समर्पित प्रयासों से हम 5,000 करोड़ रुपये के अफोर्डेबल लोन बुक की अपनी पहली घोषित उपलब्धि हासिल करने पर रोमांचित हैं। यह उपलब्धि ग्राहकों को सुलभ आवास फाइनेंस सॉल्यूशन प्रदान करके वित्तीय समावेशन को सक्षम करने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आवास क्षेत्र अनुकूल विकास कारकों जैसे बेहतर सामर्थ्य, बढ़ता शहरीकरण, परिवारों का एकलीकरण और पीएमएवाई 2.0 जैसी सरकारी पहलों के समर्थन से अपनी वृद्धि जारी रखने के लिए तैयार है। प्राइम, इमर्जिंग मार्केट्स और अफोर्डेबल सेगमेंट के माध्यम से अपने कई उत्पादों की पेशकश के साथ पीएनबी हाउसिंग सभी किफायती वर्ग के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करना जारी रखेगा और सरकार के "सभी के लिए आवास" मिशन में योगदान देगा।

## विद्याधाम पर आज एवं कल सग्रहमख शतचंडी महायज्ञ में समर्पित होंगी विशेष आहुतियां



संवाददाता ● इंदौर

महायज्ञ

विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर चैत्र नवरात्रि महोत्सव में महाअष्टमी पर 5 अप्रैल को आश्रम की यज्ञशाला में चल रहे सग्रहमख शतचंडी महायज्ञ में महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य एवं आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में ललिता सहस्त्रार्चन से विशेष आहुतियां समर्पित की जाएंगी। सौभाग्यवती एवं कन्या पूजन भी होगा। यहां 21 विद्वानों के मार्गदर्शन में 21 यजमान युगलों द्वारा विश्व शांति एवं जन कल्याण की कामना से मां को प्रिय व्यंजनों की आहुतियां समर्पित की जाएंगी। महानवमीं को भी विशेष आहुतियां समर्पित होंगी।

आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा, यदुनंदन माहेश्वरी एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि शुक्रवार को महायज्ञ में ललिता सहस्त्र नामावली द्वारा स्वाहाकार की मंगल ध्वनि के बीच मालपुए, खीरान, गन्ना, त्रिमधु, पान, शहद, कमलगट्टा एवं मां को प्रिय व्यंजनों से यज्ञशाला में आहुतियां समर्पित की जाएंगी। यजमान समूह में शामिल 21 यजमान युगल यहां प्रतिदिन महायज्ञ में आहुतियां समर्पित कर रहे हैं। अब महाअष्टमी एवं राम नवमी पर भी विशेष आहुतियां समर्पित होंगी। महायज्ञ की पूर्णाहुति राम नवमी 6 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से श्रीराम यज्ञ के शुभारंभ के साथ होगी। दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा, जबकि सग्रहमख शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति अपरान्ह 3 बजे होगी। इसके पूर्व महाअष्टमी पर शुक्रवार, 5 अप्रैल को महायज्ञ में दुर्गा सप्तशती पाठ द्वारा आहुतियां समर्पित की जाएंगी तथा सौभाग्यवती एवं कन्यापूजन के अनुष्ठान भी होंगे। आश्रम पर चल रहे चैत्र नवरात्रि महोत्सव में प्रतिदिन भगवती का नित्य नूतन श्रृंगार भी किया जा रहा है। आज भी भगवती के श्रृंगार दर्शन हेतु भक्तों का मेला जुटा रहा। आश्रम पर प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से वैदिक संध्या वंदन, 7 बजे से वेदपाठ, राजोपचार, अभिषेक एवं आरती, 9 बजे श्रृंगार आरती, सग्रहमख शतचंडी महायज्ञ, 9.30 बजे रामचरित मानस नवान्ह पारायण, दोपहर 2 बजे सामूहिक दुर्गा सप्तशती पाठ, सायं 6 बजे से ललिता सहस्त्र नामावली से लक्ष्यार्चन आराधना एवं सायं 7.30 बजे 108 दीपों से महाआरती की जा रही है। आश्रम पर शनिवार, 12 अप्रैल को हनुमान जयंती महोत्सव की तैयारियां भी शुरू हो गई है। हनुमान जयंती पर सुबह 6 बजे षोडशोपचार पूजन, अभिषेक, चोला श्रृंगार एवं जन्मोत्सव के बाद सांय 7.30 बजे महाआरती तथा प्रसाद वितरण के आयोजन होंगे। संध्या को सुंदर कांड का पाठ रात 8 बजे से होगा।

## सातवां 'पोषण पखवाड़ा' 8 से 22 अप्रैल तक

संवाददाता ● भोपाल

अभियान

प्रदेश में व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से कुपोषण को कम करने के लिए पोषण अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष पोषण अभियान के तहत पोषण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से पोषण पखवाड़ा मनाया जाता है। इस पर सातवां पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा। केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्रालय द्वारा 'जीवन के प्रथम 1000 दिवस' पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाने व्यापक प्रचार-प्रसार, समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंध तथा बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली को अपने पर बाल जैसे थीम पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियों को आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

पोषण पखवाड़ा के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र सेक्टर, परियोजना एवं जिला स्तर की गतिविधियों में स्थानीय पोषण संसाधनों की को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण, सामुदायिक जागरूकता और पोषण संवेदनशील कार्यक्रम जैसे आयोजन किए जाएंगे। आंगनबाड़ी केंद्रों में दैनिक गतिविधियों की तिथिवार थीम आधारित कैलेंडर तैयार किया गया है। सभी जिलों में पखवाड़ा के दौरान साइकिल रैली, पोषण रैली, प्रभात फेरी, गर्भवती महिलाओं और धात्री माता एवं किशोरी बालिकाओं के साथ पोषण ट्रैकर में हितग्राही मॉडल पर समूह चर्चा, कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच, एनीमिया जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। पोषण पखवाड़ा के दौरान लोक स्वस्थ एवं परिवार कल्याण, आयुष, शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण, शहरी विकास सहयोग से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयुक्त महिला बाल विकास श्रीमती सूफिया फारूकी वली ने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि पोषण पखवाड़ा के दौरान जिले में प्रत्येक स्तर पर इसका प्रचार-प्रसार किया जाए।

उन्होंने कहा कि 8 अप्रैल को पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ स्थानीय प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाये। और कार्यक्रम में उपस्थित सभी जन सामान्य को पोषण शपथ भी दिलाई जाए। श्रीमती फारूकी ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र सहित प्रत्येक स्तर से प्रतिदिन दिवस आयोजित गतिविधियों के आधार पर अधिकतम पांच गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण, फोटोग्राफ एवं हितग्राहियों की श्रेणीवार संख्या भारत सरकार के पोर्टल https://poshanabhiyaan.gov.in के डैशबोर्ड पर अपलोड करना होगा।

बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं चमेलीदेवी योग केन्द्र की कोर कमेटी की बैठक में लिए गए अनेक निर्णय

## महिलाओं के लिए शहर में जल्द ही छह नए नि:शुल्क योग केन्द्र स्थापित होंगे

**आगामी 10 से 12 अप्रैल तक महिलाओं के लिए पहला योग शिविर रामद्वारा अनूप नगर, एलआईजी चौराहा पर आयोजित होगा।**

संवाददाता ● इंदौर

निर्णय

बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं चमेलीदेवी योग केन्द्र द्वारा जल्द ही शहर में 6 नए योग केन्द्र खोलने का निर्णय लिया गया है। इनमें से 2 योग केन्द्र, अनूप नगर एवं गुमाश्ता नगर में केवल महिलाओं के लिए संचालित होंगे। इसके अलावा इस वर्ष 21 जून को योग दिवस पर भी अनेक वृहद कार्यक्रम आयोजित होंगे। शहर में वर्तमान में 15 योग केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं। आगामी 10 से 12 अप्रैल तक महिलाओं के लिए पहला योग शिविर रामद्वारा अनूप नगर, एलआईजी चौराहा पर आयोजित होगा। तदपश्चात 13 अप्रैल से यहां नियमित निशुल्क योग कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। दूसरा योग केन्द्र केवल महिलाओं के लिए गुमाश्ता नगर में भी जल्द शुरू होगा।



फाउंडेशन के चेयरमैन विनोद अग्रवाल एवं समाजसेवी प्रेमचंद गोयल की प्रेरणा से अब तक शहर में 15 योग केन्द्र स्थापित किए जा चुके हैं। फाउंडेशन के अग्रवाल हाउस, यशवंत निवास रोड स्थित कार्यालय पर आयोजित कोर कमेटी की बैठक में निर्णय लिया गया है कि जल्द ही शहर में अनूपनगर, गुमाश्ता नगर, द्वारकापुरी, महालक्ष्मी नगर, मल्हारगंज और सांई कृपा कॉलोनी पर 6 नए योग केन्द्रों की स्थापना की जाएगी। इनमें से अनूपनगर में 10 अप्रैल से ही इसके केन्द्र की शुरुआत हो रही है। बैठक में विनोद अग्रवाल, प्रेमचंद गोयल, वंशिका तपन अग्रवाल, किशोर गोयल, श्रीमती आशा बी. जैन, प्रवीण मिश्रा, शरद कदम, राजू यादव एवं रिंकू अग्रवाल भी उपस्थित थे। बैठक में योग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई और 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर वृहद आयोजन करने का निर्णय भी लिया गया।

अनूप नगर, एलआईजी चौराहा स्थित रामद्वारा पर तीन दिवसीय निशुल्क योग शिविर का आयोजन चमेलीदेवी योग केन्द्र, बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं अनंतश्री सुखराम ट्रस्ट रामद्वारा के तत्वावधान में होगा। यह तीन दिवसीय शिविर 10 अप्रैल से केवल महिलाओं के लिए योगाचार्य मनोज गर्ग एवं योग केन्द्र प्रभारी श्रीमती आशा बी. जैन के निर्देशन में होगा। शिविर के तुरंत बाद 13 अप्रैल से यहां महिलाओं के लिए निशुल्क योग केन्द्र प्रारंभ हो जाएगा। इस दौरान दिव्या शर्मा, गायत्री पानेरी और अंशिका व्यास द्वारा भजन, योगा तथा हास्य योग, मेडिटेशन और त्राटक का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्रतिदिन शाम को 4.30 बजे से केवल महिलाओं की नियमित निशुल्क योग क्लासेस भी यहां शुरू हो जाएंगी।

## शॉर्ट न्यूज

### मंदिरों की भूमि को भी वक्फ बोर्ड के खाते में शामिल कर दिया

**इंदौर।** वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को लेकर सरकार की सक्रियता बढ़ गई है। इंदौर में लगभग 500 जमीनें वक्फ बोर्ड के नाम दर्ज हैं। इन जमीनों का सही उपयोग हो रहा है या नहीं, इसकी जांच लगभग पूरी हो चुकी है। अधिकांश अधिकारियों और तहसीलदारों ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। जूनी इंदौर तहसील में सबसे अधिक भूमि दर्ज है, जहां 187 जमीनों का रिकॉर्ड मिला है। विभिन्न तहसीलों में वक्फ बोर्ड की जमीनों की जांच के दौरान कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। देपालपुर में 136, सांवेर में 105, विचौली हप्सी में 15, महू में 93, हातोद में 38, कनाड़िया में 09, राऊ में 18 और मल्हारगंज में 19 जमीनों की जांच की गई। प्रशासन को कई जगह यह देखने को मिला कि कुछ जमीनें अवैध रूप से नामांतरित की गई हैं, और कई मामलों में निजी भूमि को भी वक्फ बोर्ड के नाम कर दिया गया था।

### गोवा के लिए दूसरी सीधी फ्लाइट 15 से, बेसिक किराया 4376 रुपए

**इंदौर।** इंदौर-गोवा के बीच नई फ्लाइट 15 अप्रैल से शुरू होगी। इसका संचालन एयर इंडिया एक्सप्रेस करेगी। यह फ्लाइट शुरू होने के बाद इंदौर से गोवा के लिए दो सीधी फ्लाइट हो जाएगी। फिलहाल इंडिगो एयरलाइंस गोवा के लिए फ्लाइट संचालित कर रही है। मौजूदा फ्लाइट इंदौर से रोज दोपहर 12:30 बजे रवाना होती है। एयर इंडिया एक्सप्रेस की नई फ्लाइट सुबह गोवा से इंदौर आकर दोपहर 12:20 इंदौर से गोवा के लिए रवाना होगी। ऐसे में 10 मिनट के अंतराल में दो फ्लाइट गोवा के लिए उड़ान भरेंगी। वहीं, इंदौर से अब हर दिन आने-जाने में 90 से ज्यादा फ्लाइट हो गई हैं। ट्रैवल एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश (टाफी) अध्यक्ष टीके जोस ने बताया कि इंदौर से गोवा के लिए 12 महीने यात्री जाते हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं रह गया है। सीजन के समय तो कई बार एक ओर का किराया 20 हजार तक पहुंच जाता है।

### दो साल बाद का टैक्स जमा नहीं कर रहे बीएच सीरीज के वाहन मालिक

**इंदौर।** बीएच सीरीज के वाहनों में देखने में आ रहा है कि वे दो साल बाद वाहन का टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं। ऐसे वाहनों के कारण शासन का बकाया टैक्स बढ़ता जा रहा है। इसे देखते हुए योजना बनाई गई है कि ऐसे वाहनों की लिस्ट तैयार कर उन्हें नोटिस जारी किए जाएंगे और टैक्स जमा न होने पर जब्ती की कार्रवाई भी की जाएगी। यह जानकारी आरटीओ प्रदीप शर्मा ने दी। वहीं आरटीओ में चार पहिया शाखा प्रभारी रोहित अटूट ने बताया कि बीएच सीरीज के वाहनों को हर दो साल में कीमत का 1.25 प्रतिशत टैक्स जमा करना होता है। यानी अगर वाहन की कीमत 10 लाख है तो वाहन मालिक को हर दो साल में 12500 रुपए परिवहन विभाग के वाहन पोर्टल पर जमा करना होते हैं। अगर समय पर टैक्स जमा नहीं किया जाता है तो हर दिन 100 रुपए जुर्माना लगाया जाता है।

### बाइक की टक्कर से दंपति घायल

**इंदौर।** बाणगंगा पुलिस ने बताया कि बाणगंगा ब्रिज के नीचे रहने वाले राकेश पिता भंवरलाल राठौर ने शिकायत दर्ज कराई कि उनकी मां तेजूबाई और पिता भंवरलाल राठौर सुंदर नगर से जा रहे थे तभी बाइक एमपी 09 क्यूडब्ल्यू 4318 के चालक ने टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने फरियादी बेटे की शिकायत पर बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। इसी प्रकार पलासिया पुलिस ने बताया कि वेलोसिटी टाकीज के पीछे रहने वाले सत्यम उर्फ हर्ष साहू ने शिकायत दर्ज कराई कि वह बाइक से गिटार चौराहा से जा रहा था तभी अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह नीचे गिर गया और घायल हो गया। इसी प्रकार परदेशीपुरा पुलिस ने बताया कि कुलकर्णी भट्टा में रहने वाली पूजा परिहार ने शिकायत दर्ज कराई।

---

चर्चा में वक्फ और औरंगजेब के नाम पर हंगामा, शिवाजी के जयकारे गूंजे, पार्षदों ने पढ़ी नमाज

# 10 घंटे की मैराथन बहस के बाद निगम के 8000 करोड़ के बजट को हरी झंडी

संवाददाता ● इंदौर

**नगर सरकार**

नगर निगम के गुरुवार को पेश किए गए 8236.98 करोड़ के बजट पर शुक्रवार को अटल बिहारी सदन में 10 घंटे की मैराथन चर्चा हुई। इस दौरान कांग्रेस की महिला पार्षद ने स्वीकार किया कि वक्फ की जमीनों पर मुस्लिमों ने ही कब्जा कर रखा है। लंच के बाद मुस्लिम महिला पार्षदों ने नगर निगम परिसर में ही नमाज पढ़ी। ऐसा नगर निगम में पहली बार हुआ है। आठ हजार करोड़ को बजट बहुमत के आधार पर मंजूर हो गया। विपक्ष के पार्षदों ने बजट पर अपना विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस पार्षदों ने बालेश्वर बावड़ी हादसे में आरोपियों के बरी होने पर निगम परिषद को घेरा। कांग्रेस पार्षदों ने कहा कि इंदौर के सबसे बड़े हादसे में 36 लोगों की जान गई। उसमें अफसरों को बचाने के लिए केस जानबूझकर कमजोर किया गया। आरोपी भी इस केस में बरी हो गए। इस मुद्दे पर देर तक पार्षदों ने हंगामा किया।

### बेवजह बहस करते नजर आए

नगर निगम के बजट पर शुक्रवारको दसघंटे तक बहस चली, लेकिन शहर विकास से जुड़े मुद्दों के बजाए औरंगजेब, वक्फ बोर्ड जैसे मुद्दों पर पार्षद बेवजह बहस करते नजर आए। फर्जी बिल घोटाले, बीआरटीएस तोड़ने जैसे ज्वलंत मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं हुई। पार्षदों की बहस के बीच कई बार हंगामा और शोरगुल भी होता रहा।

### भाजपा परिषद कई मुद्दों पर विफल

नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने बजट पर बहस शुरू की। उन्होंने कहा कि निगम परिषद कई मुद्दों पर विफल हुई है। श्वानों की संख्या रोकने और शहर को भिक्षुक मुक्त करने की जिम्मेदारी नगर निगम की है, लेकिन वह प्रशासन चला रहा है। निगम की दूरदृष्टी सोच नहीं बची। लोक परिवहन को बढ़ावा देने के बजाय बीआरटीएस को तोड़ने का फैसला लिया गया। नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि नगर निगम को 1997 में कांग्रेस ने सशक्त बनाया।



### ठंडे कर सकते हैं ताजिए

सत्र के दौरान वक्फ बोर्ड को लेकर बात उठी। इस दौरान कांग्रेस ने अंबानी के एंटीलिया भवन को लेकर कहा कि यह वक्फ की जमीन पर है जो अनाथ बच्चों के लिए थी। इस पर बीजेपी ने कहा कि मुद्दे की बात कीजिए। फिर फौजिया शेख अलीम ने इंदौर करबला की जमीन का मुद्दा उठाया और कहा कि यह वक्फ की जमीन है, होलकर महाराज ने हमें ताजिए ठंडे करने के लिए दी थी। इस पर बीजेपी पार्षदों ने कहा कब्जा करने के लिए नहीं दी थी। इस जमीन को लेकर जिला कोर्ट में नगर निगम जीत चुका है मामला हाईकोर्ट में है। महापौर ने कहा कि यहां अभी भी ताजिए ठंडे कर सकते हैं।

### सरकार हमारे मामले में ही क्यों फंसाती है टांग

कांग्रेस पार्षद रुबीना खान ने कहा कि भाजपा की सरकार हमारे मामले में ही क्यो टांग फंसाती है। कभी तीन तलाक, कभी वक्फ की जमीन। इस पर भाजपा पार्षदों ने जमकर हंगामा किया और कहा यह आपका नहीं जनता से जुड़ा मामला है। खान ने औरंगजेब का जिक्र भी छेड़ा। इसके बाद भाजपा पार्षदों ने जय श्रीराम, जय शिवाजी के नारे सदन में लगाए।

### जिसकी जैसी नीयत थी, उसने वैसा कहा

चौकसे ने कहा कि जो काम नगर निगम को करना था, वो इंदौर कलेक्टर आशीषसिंह ने किया। एक अधिकारी की परिकल्पना के कारण आज ये शहर भिक्षुक मुक्त हो गया है। चौकसे ने कलेक्टर की तारीफ और खुद को शर्मिंदा बताया तो भाजपा पार्षद कमल वाघेला जवाब देने खड़े हुए। उन्होंने शेरो-शायरी के अंदाज में कहा "अच्छों ने अच्छा कहा, बुरों ने बुरा कहा, जिसकी जैसी नीयत थी उसने वैसा कहा..." पार्षद दल के सचेतक वाघेला में कहा कि शहर की नदियों के किनारों से अतिक्रमण हटना चाहिए। उन्होंने एमआर चार सड़क निर्माण को भी जल्दी पूरा करने की बात कही।

### पार्षद ने कहा- नमाज पढ़ने के लिए समय दो

बजट सम्मेलन के दौरान पार्षद रुबीना खान ने कहा कि उन्हें नमाज पढ़ना है। अन्य मुस्लिम पार्षद भी है। इसलिए थोड़ी देर के लिए अवकाश दिया जाए। इसके बाद सभापति ने 45 मिनिट का भोजन अवकाश दिया। इस बीच मुस्लिम पार्षदों ने नमाज भी पढ़ ली।

### पानी को लेकर होते थे आंदोलन

राजस्व समिति प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने कहा कि जीआईएस सर्वे से टैक्स का आंकलन किया जा रहा है। जल्दी ही हमारा पोर्टल भी तैयार हो जाएगा। निरंजन सिंह गुड्डू ने नेता प्रतिपक्ष से कहा कि कांग्रेस के समय पानी को लेकर आंदोलन होते थे, केस दर्ज होते थे, अब स्थिति है कि कोई एफआईआर दर्ज नहीं होती सब कुछ अच्छा चल रहा है आप अपनी बात मेयर के सामने रखें वे सहजता से बात करते हैं।

### सफाई के नए संसाधन

स्वास्थ्य समिति प्रभारी अश्विनी शुक्ला ने कहा कि इंदौर में सफाई के नए संसाधन खरीदे जा रहे हैं। शहर की मंडियों को जीरो वेस्ट बनाया जा रहा है। इंदौर आठवीं बार भी सफाई में नंबर वन होगा। आईटी प्रभारी राजेश उदावत ने कहा कि नगर निगम ने डिजिटल सेवाओं का विस्तार किया है। जल्दी ही नया पोर्टल भी लांच होगा।

### दस से ज्यादा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर ने कहा कि इंदौर में दस से ज्यादा स्थानों पर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा निगम संजीवनी क्लिनिक भी खोल रहा है।

### विपक्ष ने जैसी बात करना थी, वैसी नहीं की : महापौर

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि जनता की समस्या पर बात करने के लिए कोई निर्धारित समय सीमा नहीं होना चाहिए। इसके लिए सुबह 10 से शाम 6 बजे तक सदन के चलने वाले नियम को बदलने के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजेंगे। कई नगर निगम में कई विधानसभा और संसद में कई शब्द प्रतिबंधित हैं, हम भी प्रयास करें कि असंसदीय शब्दों व धर्म विशेष से जुड़े शब्दों का प्रयोग न हो।

---

## पांच मंजिला और 50 बिस्तरों वाले सिविल अस्पताल का शुभारंभ जून में



संवाददाता ● इंदौर

नंदानगर स्थित सिविल अस्पताल का निर्माण कार्य अंतिम दौर में हैं। मई के अंतिम सप्ताह तक सभी कार्य पूर्ण कर जून माह में इसका शुभारंभ किया जायेगा। इस अस्पताल का निर्माण दस करोड़ रूपये की लागत से किया जा रहा है। यह अस्पताल पाँच मंजिला होकर 50 बिस्तरों का रहेगा। अस्पताल में ऑपरेशन, डिलेवरी आदि के लिये अत्याधुनिक साधन और सुविधाएं रहेंगी। उपख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा किये गये अस्पताल निर्माण के निरीक्षण के दौरान यह जानकारी दी गई। इस अवसर पर विधायक रमेश मेंदोला, सुमित मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने अस्पताल निर्माण कार्य की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी साधन और सुविधाओं सहित अस्पताल का निर्माण कार्य मई माह के अंत तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाये। जून माह में इस अस्पताल का शुभारंभ किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल के निर्माण में किसी भी तरह की कोर कसर नहीं रखी जायेगी। गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाये। अस्पताल बेहतर से बेहतर बने यह प्रयास हो। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल पूर्व में प्रसूति अस्पताल के रूप में मिल क्षेत्र में प्रतिष्ठित था। इसी प्रतिष्ठा के अनुरूप अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। इस अस्पताल का नामकरण मंत्री विजयवर्गीय की माताजी के नाम पर किया जायेगा।

## ग्रीष्मकालीन स्पेशल गाड़ियां शुरू इंदौर-दिल्ली स्पेशल ट्रेन रवाना

संवाददाता ● इंदौर

पश्चिम रेलवे ने ग्रीष्मकालीन अवकाश को ध्यान में रखकर स्पेशल ट्रेनें शुरू की है। शुक्रवार शाम से इंदौर-दिल्ली स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू हो गया है। इंदौर-हजरत निजामुद्दीन सुपरफास्ट स्पेशल का संचालन शुक्रवार और रविवार को किया जाएगा। इंदौर से यह ट्रेन शाम 5 बजे रवाना हो गई। यह ट्रेन 29 जून तक संचालित होगी। रेल पीआरओ खेमराज मीणा ने बताया कि यह ट्रैन शुक्रवार को शाम 5 बजे रवाना होकर शनिवार सुबह 5 बजे हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से प्रति शनिवार और सोमवार को सुबह 8.20 बजे रवाना होकर रात नौ बजे इंदौर पहुंचेगी। ट्रेन दोनों दिशाओं में देवास, उज्जैन, नागदा, शामगढ़, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, मथुरा में रुकेगी। ट्रेन में सेकंड एसी, थर्ड एसी, स्लीपर, जनरल क्लास कोच होंगे। इधर, रेलवे ने महू-इंदौर-पटना के बीच गुरुवार से स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया है। यह ट्रेन 26 जून तक प्रति गुरुवार महू से और प्रति शुक्रवार पटना से रवाना होगी। महू-इंदौर-पटना एक्सप्रेस गुरुवार शाम 7.15 बजे इंदौर से रवाना की गई थी। वापसी में ट्रेन पटना से रात 8.20 बजे रवाना होगी।

## इंदौर में ''द हाट ऑफ आर्ट'' प्रदर्शनी : 250+ कलाकारों की 4000 कलाकृतियों का प्रदर्शन




संवाददाता ● इंदौर

इंदौर शहर एक भव्य कलात्मक उत्सव की तैयारी में है, जहाँ "द हाट ऑफ आर्ट" प्रदर्शनी में 250 से अधिक कलाकारों द्वारा बनाई गई 4000 कलाकृतियाँ BCC इंदौर में प्रदर्शित की जाएँगी। यह महत्वपूर्ण आयोजन इंदौर को कला के क्षेत्र में एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास करेगा और कलाकारों को उनकी रचनात्मक उत्कृष्टता दिखाने का एक विशेष मंच प्रदान करेगा। लेमन ट्री होटल में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जहाँ कला और संस्कृति जगत के प्रमुख व्यक्तियों ने इस प्रदर्शनी के प्रभाव पर चर्चा की। इस वार्ता में शामिल प्रमुख व्यक्ति थे।

ज्योति यादव द हाट ऑफ आर्ट की निदेशक विंदू दारा सिंह प्रसिद्ध अभिनेता व कला प्रेमी डॉ. सीमा आलवा प्रतिष्ठित कलाकार व आदिवासी कला मार्गदर्शक श्री अनिस खान युवा नेता व महासचिव, MP कांग्रेस एसपी (GRP) मनीषा सोनी पाठक विशेष अतिथि रचना जोहरी वरिष्ठ पत्रकार इसके अलावा, 100 से अधिक कलाकारों ने भी प्रेस वार्ता में भाग लिया और इंदौर की कलात्मक संभावनाओं



तथा द हाट ऑफ आर्ट की भूमिका पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर, ज्योति यादव ने बताया कि "द हाट ऑफ आर्ट" का उद्देश्य कलाकारों को मुख्यधारा में लाना और उन्हें बेहतर पहचान दिलाना है। विंदू दारा सिंह ने भारतीय संस्कृति में कला के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. सीमा आलवा ने आदिवासी व पारंपरिक कला के संरक्षण पर जोर दिया। इंदौर को कला और रचनात्मकता का एक प्रमुख केंद्र बनाने के उद्देश्य से, BCC इंदौर में आयोजित "द हाट ऑफ आर्ट" प्रदर्शनी एक अविस्मरणीय आयोजन होगी, जहाँ कलाकारों, कला संग्राहकों और कला प्रेमियों को एक साथ लाया जाएगा।

---

बिजनेसमैन बोले- नुकसान कम और लाभ ज्यादा : चीन से आगे निकलने का है मौका

# राहत की बात : इंदौर का दवा निर्यात अमेरिकी टैरिफ की जद में नहीं आएगा

संवाददाता ● इंदौर

**मौका**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लागू किए 26 प्रतिशत टैरिफ के बाद इंदौर क्षेत्र के उद्योगों में घबराहट नहीं है। क्षेत्र के उद्योग आने वाली स्थितियों का विश्लेषण करने में लगे हैं। इस बीच उम्मीद जता रहे हैं कि घोषित टैरिफ प्लान से भारत को नुकसान कम और लाभ ज्यादा मिल सकता है।

बता दें कि कुल निर्यात में आधी से ज्यादा हिस्सेदारी दवाओं की है। शेष निर्यात में पैकेजिंग मटेरियल, आटोमोबाइल पार्ट व अन्य तरह के उत्पाद शामिल हैं। भारत पर भले ही पारस्परिक टैरिफ के रूप में 26 प्रतिशत टैक्स लगा है लेकिन दवा जैसे प्रमुख निर्यात को मुक्त रखने से राहत मिली है क्योंकि अमेरिका भारत की दवाओं पर निर्भर है। पीथमपुर के सबसे बड़े निर्यात सेक्टर पर टैरिफ प्लान का कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ेगा। प्रदेश का सबसे बड़ा और सबसे पुराना औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर निर्यात के क्षेत्र में अगुवा है। इंदौर और पीथमपुर क्षेत्र में स्थित स्पेशल इकोनामिक जोन (सेज) में करीब 100 उद्योग हैं। ये उद्योग शत-प्रतिशत निर्यात आधारित यूनिट हैं। इनमें दवा कंपनियों का नंबर पहला है। दूसरी ओर अन्य उत्पाद हैं। इन पर टैरिफ लागू भी हुआ तो इस बात की आशंका कम है कि भारतीय उद्योगों को ज्यादा नुकसान होगा। दरअसल अमेरिका ने सिर्फ भारत पर अकेले टैरिफ नहीं लगाया है बल्कि चीन व अन्य तमाम देशों पर भारत के मुकाबले भारी टैरिफ लगा है। इसका लाभ भारत को मिलेगा।

**इसे अवसर बनाने की कोशिश** – एसोसिएशन आफ इंडस्ट्रीज मप्र के अध्यक्ष योगेश मेहता कहते हैं कि भारत के उद्योगों से ज्यादा अमेरिकी जनता को महंगाई से ज्यादा परेशानी होगी। इंजीनियरिंग सेक्टर की कंपनियां अमेरिका को निर्यात करती हैं, लेकिन इंदौर की कुछ प्रमुख कंपनियों ने पहले ही अमेरिका में यूनिट खोल ली है। ऐसे में फिलहाल बड़ा प्रभाव तो नहीं दिख रहा। अन्य देशों पर टैरिफ लगने से भारतीय उद्योग चाहें तो इन मौकों को निर्यात बढ़ाने के लिए भुना सकते हैं।



### चीन के बजाय भारत से आयात सस्ता पड़ेगा

चीन पर ज्यादा टैरिफ लगने से वहां की वस्तुएं आयात करना अमेरिका को ज्यादा महंगा पड़ेगा बनिस्बत भारत के। भारत पर लागू टैरिफ चीन के मुकाबले 15 से 18 प्रतिशत कम है। यानी अमेरिका को चीन की बजाय भारत से आयात सस्ता पड़ेगा। टैरिफ से अमेरिकी उपभोक्ताओं और आयातकों को लिए भी महंगाई बढ़ेगी। लिहाजा वे चीन की बजाय सस्ते आयात के लिए भारत की ओर मुड़ेंगे। खुद को अपग्रेड करते हुए बेहतर मैन्युफेक्चरिंग से अब चीन को पछाड़कर भारतीय कंपनियां अपना निर्यात बढ़ा सकती हैं। इसे ग्लोबलाइजेशन की तरह देखना चाहिए जिसका नुकसान कम और लाभ ज्यादा मिला था।

# क्यों हमें अपनी निजी जानकारी एआई टूल्स से बचाने की जरूरत है

जो समय के साथ मैंने सीखा है कि एआई टूल्स मेरे बारे में उन जानकारियों को भी जानते हैं, जिन्हें मैं खुद भूल चुका हूं। इनमें कुछ निजी नंबर भी शामिल हैं, जिन्हें मैंने कभी कहीं टाइप नहीं किया। ऐसा इसलिए है क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने ये तथ्य मेरे परिवार या दोस्तों के साथ हुई बातचीत से उठाए हैं। उदाहरण के लिए, मुझे पता है कि मुझे दही चावल पसंद है, मेरे दो पालतू जानवर हैं और कई अन्य व्यक्तिगत विवरण हैं जिन्हें मैं यहां साझा नहीं करना चाहता। मेरे एक दोस्त, जो एआई रिसर्चर हैं और मानव-केंद्रित एआई प्रक्रियाओं में काम कर चुके हैं, उन्होंने मुझे बताया कि एआई कंपनियां अपने मॉडल को और बेहतर करने के लिए डेटा की भूखी हैं, हालांकि वे हमारे सीक्रेट नहीं जानना चाहतीं।

ओपन एआई का चैटजीपीटी खुद आग्रह करता है कि ह्लकृपया अपनी बातचीत में कोई संवेदनशील जानकारी साझा न करें।ह्व वहीं, गूगल अपने जेमिनी यूजर्स से कहता है, ह्लअपनी गोपनीय जानकारी या कोई डेटा न डालें जिसे आप नहीं चाहते कि कोई समीक्षक देखे।ह्व

जैसे ही आप कोई जानकारी टाइप करते हैं जिसे आप भविष्य में किसी काम के लिए सिर्फ अपने लिए रखना चाहते हैं, याद रखें कि आप उसका स्वामित्व खो देते हैं। आप इसे बाद में मिटा सकते हैं, लेकिन उसके डिजिटल फुटप्रिंट कभी नहीं मिटा सकते, जो आपने छोड़े हैं। मैं ह्वडीपसीकह्व एआई टूल्स का उपयोग नहीं करता, जिनके सर्वर चीन में हैं और उनकी प्राइवेट पॉलिसी के अनुसार, वे आपके डेटा को अनिश्चितकाल तक रख सकते हैं और कोई ऑप्ट-आउट विकल्प नहीं है। मार्च 2023 में एक बग के कारण कुछ यूजर्स को दूसरों की चैट में टाइप शुरूआती जानकारी दिख गई। इसे कंपनी ने बाद में ठीक किया। एक बार ऐसा भी हुआ जब एक टूल ने गलत लोगों को सब्सक्रिप्शन कन्फर्मेशन ईमेल भेजे, जिससे ईमेल, पेमेंट जानकारी और नाम उजागर हो गए। इसलिए कुछ मामलों में आपको सावधान रहना जरूरी है : जानकारी पहचानें : इसमें आपका आधार नंबर, जन्मतिथि, पता, फोन नंबर शामिल हैं। एआई टूल्स व्यक्तिगत जानकारी में रुचि नहीं रखते, पर वे इन्हें एडिट करने के लिए प्रशिक्षित होते हैं। फिर भी, ये खतरनाक हो सकता है क्योंकि व्यक्तिगत जानकारी कहीं न कहीं क्लाउड में होती है और डेटा ब्रीच के दौरान इनके लीक होने की आशंका को नकार नहीं सकते। यदि आप उ्रू पर लॉगिन करते हैं, तो एक विंडो चार बॉक्स के साथ दिखेगी। पहला बॉक्स कहेगा ह्वफ्री-प्राइवेट चैट्स, हमारे द्वारा अनाम।ह्व दूसरा बॉक्स कहेगा ह्वआपकी बातचीत पर कोई एआई ट्रेनिंग नहीं।ह्व तीसरा बॉक्स कहेगा ह्वएआई मॉडल्स का चयन, जिसमें जीपीटी व क्लॉड शामिल हैं।ह्व चौथा बॉक्स कहेगा ह्वइसे आजमाएं। पहले दो बॉक्स में जारी स्पष्टीकरण वास्तव में संकेत देते हैं कि ये चीजें हो सकती हैं, लेकिन वे नहीं होतीं। इसी तरह, चैटजीपीटी टेम्परेरी चैट बॉक्स में दावा करता है ह्वयह चैट हिस्ट्री में नहीं दिखेगी, न ही मेमोरी क्रिएट करेगी, न ही हमारे मॉडल्स को ट्रेन्ड करने में उपयोग की जाएगी। सुरक्षा उद्देश्यों के लिए हम इसकी एक प्रति 30 दिनों तक रख सकते हैं। हेल्थकेयर के बिजनेस में गोपनीयता का महत्व बहुत अधिक है। पर कई मरीज अपनी मेडिकल लैब रिपोर्ट्स की व्याख्या के लिए एआई टूल्स का सहारा लेने लगे हैं। वे अपनी रिपोर्ट्स को अपलोड कर दूसरी या तीसरी राय प्राप्त करना चाहते हैं। यदि आप भी ऐसे व्यक्ति हैं जो एआई टूल्स से इस प्रकार के प्रश्न पूछने के लिए उत्सुक हैं, तो अपनी रिपोर्ट अपलोड करने से पहले नाम, संदर्भ संख्या, अस्पताल का नाम, अस्पताल द्वारा दिए गए किसी भी नंबर और परीक्षण की तारीख को हटा दें। कभी भी अपनी निवेश जानकारी, बीमा की परिपक्वता तिथियां, लॉकर नंबर, बैंक खाता नंबर, कार्ड नंबर, पिन और सुरक्षा प्रश्न को ऑनलाइन स्टोर न करें।

> **एआई टूल्स व्यक्तिगत जानकारी में रुचि नहीं रखते, पर वे इन्हें एडिट करने के लिए प्रशिक्षित होते हैं। फिर भी, ये खतरनाक हो सकता है क्योंकि व्यक्तिगत जानकारी कहीं न कहीं क्लाउड में होती है और डेटा ब्रीच के दौरान इनके लीक होने की आशंका को नकार नहीं सकते। यदि आप उ्रू पर लॉगिन करते हैं, तो एक विंडो चार बॉक्स के साथ दिखेगी।**

## संत वचन

मसीह में भाइयों और बहनों, जैसा कि हमने एंटिओक के सेंट इग्नाटियस के जीवन और उदाहरणों से सुना है, और जैसा कि हमने पवित्र शास्त्रों के शब्दों को समझा है, इसलिए हम सभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें ताकि हम उन लोगों के पदचिन्हों पर चल सकें जो हमसे पहले चले गए हैं और अपने जीवन और ईश्वर में विश्वास में अनुकरणीय रहे हैं। आइए हम सभी अपने अभिमान और अहंकार, लालच और अन्य प्रकार की इच्छाओं को त्याग दें जो हमें हमारे पतन की ओर ले जा सकती हैं। आइए हम सभी अब से अपने जीवन के प्रत्येक क्षण में ईश्वर की इच्छा को और अधिक ईमानदारी से पूरा करने का प्रयास करें, और आइए हम अपने स्वयं के अनुकरणीय जीवन से एक-दूसरे को प्रेरित करना जारी रखें ताकि हम सभी को प्रभु के और करीब ला सकें। ईश्वर हम सभी के साथ रहें और वह हमारे हर प्रयास और प्रयासों को आशीर्वाद दें ताकि हम सभी चीजों में उनकी महिमा करते रहें।

# पीओके को संभालना अब पाक के बूते की बात नहीं

कहते हैं कि एक देश अपने प्रांतों का जमा-जोड़ होता है। यकीनन, यह बात पाकिस्तान पर लागू नहीं होती। आज उसके कई प्रांत खुली बगावत करते मालूम होते हैं। हमने देखा कि पिछले महीने बलूचिस्तान में क्या हुआ। अलगाववादियों ने एक पूरी ट्रेन को हाईजैक कर लिया था, जिसमें 400 लोग सवार थे। विद्रोह की सुगबुगाहटें खैबर पख्तूनख्वा में भी हैं। यह पाकिस्तानी तालिबान का केंद्र है। इस्लामाबाद इन चुनौतियों से जूझ ही रहा था कि अब एक नई चुनौती सामने आ रही है- और वह भी एक ऐसे प्रांत से, जो पाकिस्तान का है ही नहीं, लेकिन उसने अवैध रूप से उस पर कब्जा कर रखा है। यह पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर या पीओके है।

पीओके में हाल ही में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुए हैं, जिनका नेतृत्व यूनाइटेड अवामी एक्शन कमेटी नामक समूह कर रहा है। यह एक्शन कमेटी पाकिस्तान सरकार से एक विशेष पैकेज और अपने विस्थापित लोगों के लिए 12 विधानसभा सीटें चाहती है। मांगें पूरी नहीं होने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई है। उनके

**एडिट.नोट**

नेता ने कहा है कि अगर उन्हें प्रताड़ित किया गया, तो वे पलटवार करेंगे। यह पाकिस्तान की फौज के लिए एक नया सिरदर्द है। उसे कई मोर्चों पर खतरों का सामना करना पड़ रहा है। जब से तालिबान ने काबुल में सत्ता पर कब्जा किया है, तब से वह पाकिस्तान विरोधी उग्रवादी और आतंकवादी समूहों को संरक्षण दे रहा है और उन्हें हथियारों से लैस कर रहा है।

यह पाकिस्तानी जनरलों के लिए जैसे को तैसा वाली स्थिति भी है। सालों तक, उन्होंने भारत के खिलाफ आतंकवादियों को पाला-पोसा। अब तालिबान पाकिस्तान के साथ ऐसा ही कर रहा है। इस सबके बावजूद, पाकिस्तान अपनी खयालों की दुनिया में जी रहा है। उससे पीओके नहीं संभल रहा है, लेकिन वह भारत से जम्मू और कश्मीर भी चाहता है। पाकिस्तान ने हाल ही में संयुक्त राष्ट्र में इस मुद्दे को उठाया, लेकिन प्रत्युत्तर में भारतीय दूत ने उसे अपने गैरमुनासिब दावों पर रोक लगाने और पीओके को खाली करने की हिदायत दे डाली। यह यकीनन एक अच्छी सलाह थी। पाकिस्तान अपने ही प्रांतों को संभाल नहीं पा रहा है और अपने कब्जे वाले कश्मीर में वह किसी भी तरह से बेहतरी ला नहीं सकता। ऐसे में उसके लिए यही तार्किक होगा कि पीओके को भारत को सौंप दे। लेकिन जाहिर है कि पाकिस्तानी जनरल ऐसा करेंगे नहीं।

लेकिन क्या वे इन विद्रोहियों और विरोध-प्रदर्शनों को अपनी फौजी ताकत से नियंत्रित कर सकते हैं? विशेषज्ञों को तो ऐसा नहीं लगता। सबसे पहले तो पाकिस्तान की फौज को मैन-पॉवर की समस्या का सामना करना पड़ेगा। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा दोनों ही कठोर क्षेत्र हैं- चट्टानी, पहाड़ी और विस्तृत। साथ ही, विद्रोही अफगानिस्तान में छोड़े गए अमेरिकी हथियारों से लैस हैं। ऐसे इलाकों से उन्हें निकाल बाहर करना बहुत मुश्किल होगा। यहां तक कि अमेरिकी भी अफगानिस्तान में ऐसा नहीं कर पाए। दूसरा मुद्दा प्राथमिकताओं का है। पाकिस्तान की सेना भारत को लेकर हमेशा ही भ्रम में रहती है। इसलिए उनके बहुत सारे संसाधन नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर केंद्रित हैं। ऐसे परिदृश्य में, पाकिस्तान के पास दूसरे प्रांतों में मौजूद विद्रोहियों के खिलाफ एक से अधिक मोर्चों पर अभियान चलाने की क्षमता नहीं है। उसे विदेशी मदद की जरूरत है, खास तौर पर अमेरिका की। लेकिन उसके दुर्भाग्य से, डोनाल्ड ट्रम्प फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति बन गए हैं। अपने पिछले कार्यकाल में, ट्रम्प ने पाकिस्तान पर आतंकवाद पर दोहरा खेल खेलने का आरोप लगाया था। और इस बार भी, ट्रम्प प्रशासन के शीर्ष अधिकारी पाकिस्तान को लेकर सशंकित हैं। उनमें से बहुत से लोगों ने खुले तौर पर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई की मांग की है, जो पाकिस्तानी सेना के लिए दुश्मन नंबर एक हैं। हाल ही में अमेरिका में पाकिस्तान के सेना प्रमुख के खिलाफ प्रतिबंधों की मांग करने वाला एक द्विदलीय विधेयक पेश किया गया है।

**विराग गुप्ता - लेखक**

# वक्फ से जुड़े 5 बिंदुओं पर संवैधानिक समझ जरूरी है

आधी रात को लोकसभा में वक्फ पर बहस के बीच वाणिज्य भवन के युद्ध कक्ष में ट्रम्प के जवाबी टैरिफ से अफसर हलाकान थे। इन्हें जोड़कर देखने से वक्फ पर हो रही सियासत की सही तस्वीर उभर सकती है। वक्फ पर विरोधाभासों को समझने के लिए इतिहास के पन्नों को थोड़ा पलटने की जरूरत है। जब इंग्लैंड में 1215 में मैग्ना कार्टा से आधुनिक कानून के शासन का सूत्रपात हुआ, तब दिल्ली में मुस्लिम सल्तनत की स्थापना से वक्फ का आगाज हो रहा था। 15वीं सदी के पुनर्जागरण और औद्योगिक क्रांति के दम पर पश्चिम अभी तक दुनिया पर राज कर रहा है। मध्यकालीन भारत में मुगलों का राज था, लेकिन उसके 500 साल बाद भी देश औरंगजेब, राणा सांगा, मंदिर और मस्जिद की चर्चा में लीन है।

दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद 2016 में सरकार ने 6 फीसदी का गूगल टैक्स लगाया था, जिसे ट्रम्प सरकार के दबाव के बाद खत्म कर दिया गया है। एआई, डेटा सुरक्षा, साइबर अपराध, टेक कम्पनियों से टैक्स की वसूली जैसे मामलों पर कानून निर्माण के बजाय संसद में वक्फ पर हंगामे से नए भारत की चिंताजनक तस्वीर उभरती है। वक्फ से जुड़े 5 बिंदुओं को समझें : धर्मनिरपेक्षता : धर्मनिरपेक्षता की आड़ में अल्पसंख्यकवाद या तुष्टीकरण से बहुसंख्यकवाद की साम्प्रदायिकता को बढ़ावा मिलता है। साल 2013 में यूपीए सरकार ने वक्फ कानून में अनेक बदलाव किए थे, जिन्हें अब मोदी सरकार बदल रही है। लेकिन अमित शाह ने लोकसभा में कहा कि वक्फ में मुतवल्ली और वाकिफ दोनों ही मुस्लिम समुदाय के होंगे। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने भी साफ कहा है कि वक्फ में गैर-मुस्लिमों का दखल नहीं होगा। संघवाद : भूमि, मंदिर, मस्जिद, श्मशान घाट और कब्रस्तान से जुड़े मुद्दे राज्य सरकारों के अधीन आते हैं। लेकिन केंद्रीय स्तर पर 1954 में बने वक्फ कानून में संसद से 1995 और 2013 में बड़े बदलाव हो चुके हैं। वक्फ से जुड़े मामलों में केंद्रीय कानून के बावजूद राज्यों की भूमिका पुराने तरीके से बनी रहेगी। संसद ने जमींदारी प्रथा के उन्मूलन के भी कानून बनाए हैं। हाल में नए आपराधिक कानून भी बनाए हैं। इसलिए वक्फ के बदलावों को संघवाद के खिलाफ बताना संविधान की अवसरवादी व्याख्या मानी जाएगी। हिंदू मंदिर : इस्लाम में जकात और वक्फ को संस्थागत मान्यता मिलने से वक्फ जैसे केंद्रीय कानून की जरूरत है। तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल में हिंदू धर्मार्थ अधिनियम हैं, जो मंदिरों के प्रशासन, संपत्ति और प्रबंधन को नियंत्रित करते हैं। लेकिन समानता की बात करें तो साल 1955-56 में हिंदुओं की तर्ज पर मुस्लिमों की शादी और तलाक के लिए संसद से कानून नहीं बने थे। शाहबानो मामले में मुस्लिम महिलाओं को सुप्रीम कोर्ट से गुजारा भत्ता का अधिकार मिला, जिसे राजीव गांधी सरकार ने संसद के कानून से पलट दिया। संविधान में वर्णित समान नागरिक संहिता भी वोट बैंक की राजनीति की वजह से लागू नहीं हो पा रही। ऐसे अनेक ऐतिहासिक विरोधाभासों के बावजूद हिंदू मठ और मंदिरों के प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही से जुड़े किसी केंद्रीय कानून का भी स्वागत होना चाहिए। अमानत में खयानत : 30 साल पहले राज्यसभा में विपक्ष के नेता सिकंदर बख्त ने कहा था कि वक्फ सम्पत्तियां गरीब मुसलमानों की बेवाओं, तलाकशुदा महिलाओं और यतीम बच्चों की अमानत हैं, जिनमें खयानत हो रही है। लेकिन सरकारी, ऐतिहासिक और आदिवासियों की अनुसूचित जमीनों पर वक्फ के नाम पर कब्जा करना गलत है। आजम खान ने 2014 में ताजमहल को वक्फ सम्पत्ति घोषित करने की मांग की थी। अमित शाह के अनुसार पिछले 12 सालों में वक्फ की जमीन 18 लाख एकड़ से बढ़कर 39 लाख एकड़ हो गई है। फिलहाल वक्फ की सम्पत्तियों से 200 करोड़ रु. सालाना की आमदनी हो रही है। सच्चर समिति के अनुसार पारदर्शिता बढ़ने और भ्रष्टाचार कम होने से 12 हजार करोड़ की सालाना आमदनी हो सकती है। रोडमैप : 2019 में बने नागरिकता कानूनों के नियम पिछले साल लागू हुए।

## बिजनेस

### एलआईसी ने यूएसटीआर की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया दी

# स्वतंत्र, प्रतिस्पर्धी और ग्राहक केंद्रित कार्यप्रणाली की पुष्टि

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (यूएसटीआर) द्वारा हाल ही में की गई उस टिप्पणी का संज्ञान लिया है जिसमें भारत सरकार द्वारा एलआईसी को विशेष दर्जा दिये जाने का उल्लेख किया गया है।

एलआईसी यह स्पष्ट करना चाहती है कि सरकार और विनियामक द्वारा एलआईसी को किसी भी अन्य बीमा कंपनी के समान समझा जाता है। 1956 में एलआईसी की स्थापना के समय दी गई गारंटी, एक कानूनी प्रावधान है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीयकरण के शुरूआती वर्षों में आम जनता का विश्वास प्राप्त करना था। इस गारंटी का आज तक एलआईसी ने कभी भी उपयोग नहीं किया है और ना ही इसे विपणन (मार्केटिंग) टूल के रूप में प्रयोग कर कोई अनुचित लाभउठाया गया है।

पिछले 25 वर्षों से एलआईसी भारत में पूर्ण प्रतिस्पर्धी जीवन बीमा बाजार में कार्य कर रहा है, जहां वह 24 निजी बीमा कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है। एलआईसी को भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (कफऊअक) तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (रएइक) द्वारा नियंत्रित किया जाता है, और इसे सरकार या किसी भी नियामक से कोई विशेष रियायत या छूट प्राप्त नहीं होती है।

एलआईसी का बीमा क्षेत्र में नेतृत्व उसके करोड़ों पॉलिसीधारकों के विश्वास, गुणवत्तापूर्ण सेवा, और आर्थिक मजबूती एवं पारदर्शिता का परिणाम है। 69 वर्षों से अधिक की विरासत के साथ अपनी सेवा यात्रा में एलआईसी ने समर्पण और व्यावसायिकता के साथ पूरे भारत के कोने-कोने में 30 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान की है।

एलआईसी का यह दृढ़ विश्वास है कि यूएसटीआर की टिप्पणी भारतीय बीमा विनियमन और एलआईसी की कार्यप्रणाली की अधूरी और त्रुटिपूर्ण समझ पर आधारित है। हम भारत में वित्तीय समावेशन और पॉलिसीधारकों की सुरक्षा में एलआईसी की भूमिका और योगदान के बारे में अधिक संतुलित और तथ्यात्मक मूल्यांकन का आग्रह करते हैं। ₹भारतीय जीवन बीमा निगम प्रशासन, सेवा और ग्राहक विश्वास के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी उसी भावना से कार्य करता रहेगा।₹ एलआईसी के सीईओ एवं एमडी श्री सिद्धार्थ महान्ति के द्वारा कहा गया।

**राज-काज**

### सोना-चांदी के बाजार घटे

**इंदौर।** महीनों से चल रही सोना-चांदी की तेजी में न केवल रुकावट आ ग 100 ई है, बल्कि भावों में कमी भी आई है। पारस्परिक टैरिफ लगते ही विदेशी बाजारों में सोने में आशिक और चांदी में बड़ी मंदी का वातावरण निर्मित हुआ। ट्रंप ने अपने पारस्परिक टैरिफ नीति का विभिन्न देशों पर अलग-अलग ऐलान किया और जिसमे मुख्य रूप से भारत पर 26 फीसद यूरोपियन यूनियन पर 20 फीसद चीन पर 54 फीसद, जापान पर 24फीसद, इसराइल पर 17फीसद और ब्रिटेन पर 10 फीसद टैरिफ का ऐलान किया। ट्रम्प ने पारंपरिक टैरिफ 9 अप्रैल से लागू होने की बात कही। साथ ही भारत के विषय में उन्होंने प्रधानमंत्री को अपना दोस्त बताया और कहा कि यह दोस्ती एक तरफा नहीं निभाई जा सकती है। सराफा व्यवसायी नीलेश सारड़ा ने बताया कि सोने और चांदी को टैरिफ से छूट मिली है, लेकिन पारस्परिक टैरिफ की नीति ने पूरी दुनिया को हिला कर रख दिया है।

# तरबूज मगज, सोंठ में मंदी, लौंग तेज

इंदौर। सियागंज किरना बाजार में कामकाज सामान्य चल रहा है। कुछ ङ्कषजसों में उतार-चढ़ाव के हालात बने बने हुए हैं। शकर में पूछताछ सीमित है, जिससे दाम मजबूती पर टिके हुए है। तरबूज मगज में मंदी है। भाव 10-15 रुपए घटाकर बोले जा रहे हैं। राजस्थान में 425 तो इंदौर में 460 रुपए बोले जा रहे हैं। लेवाली पूछपरख से बादाम के भाव 10 रुपए तेज है। लौंग के भाव 20 रुपए बढ़ाकर बोल रहे हैं, जबकि सोंठ में मंदी का वातावरण है। नीचे में 240 रुपए तक बिक गया। नारियल की मांग में भी कुछ कमी आई है। उत्पादन केंद्रों पर माल की कमी बर्ता जा रही है, लेकिन इसका असर अभी दिखाई नहीं दे रहा है।

शकर-शकर 4130-4140 बेस्ट क्वालिटी 4170-4180, गुड़ भेली 3500-3600, कटोरा 3700-3800, लड्डू 4100-4200, बर्फी 5500, गिलास 4600-5000 रुपये क्विंटल।नारियल-नारियल 120 भरती 2700-2750, 160 भरती 2950-3050, 200 भरती 3250-3300, 250 भरती 3350-3400 रुपये प्रति बोरी।खोपरा गोला बाक्स में 200-235 कट्टे में 190 रुपये प्रति किलो। खोपरा बूरा 4000-600 रुपये प्रति (15 किलो) ।पूजन सामग्रीः देशी कपूर 700 से 710, पूजा बादाम 115 से 125, बेस्ट 220 से 230, पूजा सुपारी 425 से 450, अरीठा 180 रुपये। केसर 155 से 191, रुपए प्रति ग्राम, सिंदूर (25 किलो) 7450 रुपए।

साबूदाना-सच्चामोती एगमार्क (500) 5940, एगमार्क (500 ग्राम) 6070 साबूदाना चक्र एगमार्क 5950, गोपाल लूज (25 किलो) 5400, कुकरीजाकी मोरधन (500 ग्राम)- 9300 रुपये। रायलरतन साबूदाना (1 किलो) 5850, व लूज 5350, मोरधन 10500 सच्चामोती (रजिस्ट्र) (1 किलो) 5700 व (500 ग्राम) 5760, लूज 5200 पोहा एक किलो 5800 व 35 किलो पैकिंग में 4800 व मोरधन 9500 रुपये।मसाले-कालीमिर्च 710 से 715, मिनिमटर 730 से 735, मटर दाना 775 से 795, हल्दी निजामाबाद 150 से 200, हल्दी सांगली 250 से 255, जीरा 258 से 265, मीडियम 268 से 285, बेस्ट 295 से 310, सौंफ मोटी 95 से 125, बेस्ट 240 से 285, एक्स्ट्रा बेस्ट 300 से 315, बारीक 280 से 325, लौंग चालू 770 से 780, बेस्ट 810 से 820, दालचीनी 250 से 255, बेस्ट 260, जायफल 725 से 750, बेस्ट 780 से 790, जावत्री 1675 से 1750, बेस्ट 1850 से 1890, बड़ी इलायची 1600 से 1750, बेस्ट 1850 से 1950, पत्थर फूल 340 से 425, बेस्ट 480 से 485, बाद्यान फूल 425 से 465, बेस्ट 525 से 550, शाहजीरा खर 385 से 400, ग्रीन 875 से 890, तेज पान 90 से 95, तरबूज मगज 490 से 515, नागकेसर 935 से 940, रुपए।

# चना, मसूर और दाल में तेजी

इंदौर। छावनी अनाज मंडी में दलहनों के बाजार सुधार पर है। काबुली चने में निर्यात मांग अच्छी होने से तेजी है तो चनाकांटा व मसूर में मिलों की लेवाली पूछपरख बढ से सुधार है। चनादाल, मसूर दाल के भाव भी मिल बढ़ाकर बोल रहे हैं। मसूर दाल में करीब 50 रुपये की तेजी रही। चना दाल करीब 150 रुपये प्रति क्विंटल उछल गया। वहीं काबुली चना कंटेनर में करीब 300 रुपये की तेजी है। कंटेनर में डॉलर चना 42/44 11900, 44/46 11600, 50/52 10400, 58/60 9100 60/62 9000, रुपये प्रति क्विंटल रहे। सरकार ने चना आयात पर शुल्क लगाने की घोषणा की, लेकिन घरेलू बाजार में कीमतों पर अभी तक कोई बड़ा असर नहीं पड़ा है, मुख्य रूप से आयातित चना और पीली मटर के पर्याप्त स्टॉक की उपलब्धता के कारण, विशेषज्ञों और व्यापारियों ने कहा-10



फीसद शुल्क भी बहुत कम माना जाता है, जिसका कोई खास असर नहीं होगा।

दलहन-चना कांटा 6000-6100 विशाल 5850-5900, मसूर नई 6150-6200 तुवर नई महाराष्ट्र सफेद 7000-7100, महाराष्ट्र लाल 7200-7400, कर्नाटक 7300-7400 निमाड़ी 6500-6950 मूंग 8000-8100 एवरेज 7000-7500 उड़द बेस्ट 8000-8200 मीडियम 6000-7500 हलका 3000-5000, कंटेनर में डॉलर चना 42/44 11150, 44/46 10850, 50/52 9600, 58/60 8350 60/62 8250 , रुपए प्रति क्विंटल ।

दालें-चना दाल 7300-7400, मीडियम 7800-7900, बेस्ट 8000-8100, मसूर दाल 7600-7700, बेस्ट 7800-7900, मूंग दाल 9400-9500, बेस्ट 9600-9700, मूंग मोगर 9900-10000, बेस्ट 10100-10300, तुवर दाल 8500-8600, मीडियम 9700-9800, बेस्ट 10200-10300, ए. बेस्ट 11200-11300, ब्रांडेड तुवर दाल नई 11800, उड़द दाल 9000-9200, बेस्ट 9300-9600, उड़द मोगर 10100-10200, बेस्ट 10300-10500 रु. प्रति क्विंटल।



हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्र सुप्रीम कोर्ट द्वारा हैदराबाद के कांचा गच्चीबौली क्षेत्र में 400 एकड़ वन भूमि में पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने के बाद जश्न मनाते हुए।

## मुख्यमंत्री ने नई शिक्षा नीति-2020 के अक्षरशः पालन के दिए निर्देश

# स्कूली शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए 3 हजार करोड़ का बजट : सीएम

संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हर बच्चे की शिक्षा, चिकित्सा और पोषण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश के हर विद्यालय में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहें, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्कूली शिक्षा की बेहतरी के लिए हमने विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 3000 करोड़ रुपए अधिक बजट का प्रावधान किया। हम अपनी शिक्षा व्यवस्था में सभी जरूरी सुधार लाने की दिशा में और अधिक मजबूती से आगे बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ। यादव समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

**सुविधा**

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल में प्रत्येक शासकीय विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए बिजली, पंखा, स्वच्छ व शीतल पेयजल और छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्थाएं की जाएं। कोई भी शाला जर्जर हालत में न रहे। सभी विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए एक अच्छा माहौल और प्रोत्साहन देने वाला परिवेश उपलब्ध करायें, ताकि बच्चे खुशी-खुशी विद्यालय पहुंचे। विभागीय अधिकारी कन्या छात्रावास में महिला अधिकारी की नियुक्ति, स्कूलों में मध्याह्न भोजन के प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दें।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था नई जरूरतों के मुताबिक सुधार लाने के लिए सांदीपनी विद्यालय (सीएम राइज स्कूल) जैसे क्रांतिकारी नवाचार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सांदीपनि विद्यालय देश में एक आदर्श विद्यालय (मॉडल स्कूल) बनकर उभरें, इसके लिए सभी जरूरी तैयारियां और प्रयास किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को शिक्षा नीति-2020 के अक्षरशः पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों में लागू नई शिक्षा नीति के मॉडल का अध्ययन कर कार्य योजना तैयार की जाए। मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने कहा कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए हमारी सरकार स्कूलों में आधारभूत संरचनाओं व सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध होकर प्रयासरत है। उन्होंने जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत कार्य में स्थानीय पूर्व सांसद और पूर्व विधायक, समाजसेवी संस्थाओं, पूर्व छात्रों एवं सीएसआर फंड से भी सहयोग लेने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि स्कूलों में आर्थिक या व्यवस्थागत सुधार में मदद करने वालों का सरकार सम्मान करेगी। मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने अधिकारियों को विधानसभा वार जर्जर स्कूल भवनों की जानकारी एकत्रित करने का निर्देश दिया, ताकि विद्यालयों के अधोसंरचना विकास कार्यों में विधायक निधि से भी सहयोग लिया जा सके।मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने निर्देशित किया कि मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के वार्षिक परिणाम समय पर घोषित किए जायें। बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस वर्ष आगामी मई माह के प्रथम सप्ताह में ही रिजल्ट घोषित करने की तैयारी की जा रही है।



### संयुक्त समितियां बनाने के निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा में सुधार के लिए सुझावों का सरकार स्वागत करेगी। मिले सुझावों पर विचार-विमर्श के लिए विशेषज्ञों के साथ शीघ्र ही एक बैठक आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वित्त विभाग, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, रोजगारपरक व्यावसायिक शिक्षा (कौशल विकास), जनजातीय कार्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के मंत्री की एक समिति बनाकर संयुक्त बैठक आयोजित करने और शैक्षिक सुधार की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने कहा कि शासकीय विद्यालयों में भोजन की उपलब्धता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत रिजल्ट देने वाली स्कूलों को अपग्रेड किया जाए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में एक सांदीपनी विद्यालय (सीएम राइज) संचालित किया जा रहा है। इन स्कूलों के नवीन भवनों के निर्माण कार्य भी प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने कहा कि सांदीपनी विद्यालय देश में ऐसे आदर्श विद्यालय बनाने हैं, जहां पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को खेल-कूद, कला-संस्कृति एवं छात्रों के समग्र विकास का प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सांदीपनी विद्यालयों में 145 बसें संचालित की जा रही हैं। बस संचालन में सभी नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए और ड्रायवर-कंडक्टर के व्यवहार पर विशेष निगरानी रखी जाए। स्कूल शिक्षा विभाग और जनजाति विभाग की अंतर्गत प्रदेश में 369 संदीपनी विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। बताया गया कि स्कूल शिक्षा विभाग की 275 और जनजातीय कार्य विभाग के 94 सांदीपनी विद्यालय शामिल हैं। 8 संदीपनी स्कूलों का लोकार्पण हो चुका है।

### नैतिक शिक्षा देने पर जोर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्राथमिक स्कूल स्तर से ही बच्चों को आदर्श पारिवारिक मूल्यों की नैतिक शिक्षा देने के लिए उचित प्रबंध करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए विद्या भारती, गायत्री परिवार और आर्ट ऑफ लिविंग जैसी संस्थाओं को प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों से जोड़ा जाए। बाल्यकाल में प्राथमिक कक्षा से ही विद्यार्थियों में संस्कारों के विकास का क्रम जारी रहना चाहिए।

## शॉर्ट न्यूज

### मूकबधिर महिला ने फांसी लगाई, मौत

**भोपाल**। भोपाल के इब्राहिमगंज इलाके में मूकबधिर महिला ने गुरुवार की रात को फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। आत्महत्या के सही कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक श्रवणी पंथी (34) पति बंटी पंथी इब्राहिमगंज में पति के साथ रहती थी। उसका तीन साल का बेटा और 7 महीने की एक बेटी है। श्रवणी और बंटी की शादी 4 साल पहले हुई थी। वह मूकबधिर थी। उसका पति टेलरिंग का काम करता था। परिजनों ने बताया कि पति और पत्नी के बीच किसी तरह का विवाद नहीं था। दोनों आपस में हंसी खुशी रहते थे। उसने सुसाइड क्यों किया इस बात का खुलासा नहीं हो सका है। मृतका के मायके पक्ष के डिटेल बयान फिलहाल दर्ज नहीं किए जा सके हैं।

### लव मैरिज के बाद बवाल, मांगी सुरक्षा

**ग्वालियर**। दोस्ती, प्यार और शादी ऐसे किस्से आपने कई दफे सुने होंगे, जहां दोस्ती के बाद अफेयर फिर कपल शादी कर लेते हैं। लेकिन मध्य प्रदेश के ग्वालियर में एक कपल शादी के बाद से ही दहशत में है। उन्होंने पुलिस से सुरक्षा मांगी है। इस लव स्टोरी में कांटा बनी दोनों की जाति। दरअसल, लड़का-लड़की दोनों ही अलग जाति से ताल्लुक रखते हैं। इसलिए घर वाले और समाज के लोग दोनों को अब धमकियां दे रहे हैं। हालांकि, दोनों बालिग हैं और एक दूसरे क साथ अपनी जिंदगी बिताना चाहते हैं। पुलिस ने जोड़े को समझाईश देकर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। शादी के जोड़े में जनसुनवाई में सुरक्षा की गुहार लगाने पहुंचे प्रेमी जोड़े ने अधिकारियों को बताया कि करीब पांच साल पहले उनकी पहली मुलाकात डांस क्लास में हुई थी।

### 2 लिस्टेड गुंडे हथियारों के साथ पकड़े

**भोपाल**। भोपाल के टीला जमालपुरा थाना पुलिस ने गुरुवार रात चैकिंग के दौरान छोला थाना क्षेत्र के दो लिस्टेड बदमाशों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से दो छुरियां बरामद की गईं। पूछताछ में उन्होंने खुलासा किया कि वे हरी मजार इलाके में चल रहे एक जुआघर में जुआ खेलने जा रहे थे। टीआई डीपी सिंह ने बताया कि हरी मजार बस्ती के पास लगातार संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिल रही थी। इसी के चलते वसुंधरा कॉलोनी में नाका लगाकर रात में चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान बाइक पर सवार दो संदिग्धों को रोका गया। उन्होंने अपनी पहचान नरेंद्र साहू (30) और अमित पाल (32) के रूप में दी, जो छोला क्षेत्र के रहने वाले हैं। तलाशी लेने पर दोनों के पास से छुरी बरामद हुई। थाने लाकर जब उनका आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला गया तो पता चला कि नरेंद्र पर छोला, गौतम नगर और हनुमानगंज थानों में कुल 13 गंभीर अपराध दर्ज हैं। वहीं अमित पर भी पूर्व में कई मामले दर्ज हैं।

## यूपी में एमपी के पहलवान ने दिखाया दम, दोनों हाथ से उठा दी बाइक

संवाददाता ● आजमगढ़

उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में एक अजब प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के शिवपुरी में रहने वाले एक पहलवान ने बाजी मारी है। आजमगढ़ एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें वहां के सासंद धर्मेंद यादव ने जीतने वाले 70 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की गई थी। इस प्रतियोगित में एक बाइक को उठाना था। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के रहने वाले एक पहलवान ने आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश) में जाकर एक प्रतियोगिता में चैलेंज

**घोषणा**

स्वीकार किया और वह अपने अद्भुत प्रदर्शन के बलबूते कामयाब भी रहे। यहां एक अजब-गजब प्रतियोगिता में मोटरसाइकिल उठाने वाले को पुरस्कृत किए जाने का ऐलान वहां के सांसद धर्मेंद्र यादव ने किया था। इस मेले में देशभर के पहलवान पहुंचे थे। सभी ने अपनी-अपनी ताकतों का बेहतर प्रदर्शन किया।

**पहलवान ने कंधों पर उठाई बाइक** - हालांकि, एक प्रतियोगिता में जीतनी देर बाइक को उठाना था वह कोई नहीं उठा पाया। बाइक को प्रतियोगिता के निर्धातित समय के अनुसार केवल एक पहलान उठा पया है, जो कि मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के कोलारस कस्बे का रहने वाला



था। यह सब पहलावन यशवंत सिंह यादव उर्फ आशु ने कर दिखाया। प्रतियोगिता में निर्धारित मापदंडों के अनुसार उसने मोटरसाइकिल को अपने कंधों उठाए रखा और पुरस्कार जीत लिया। इसके बाद आजमगढ़ के सांसद धर्मेंद्र यादव ने पहलवान की आशु की पीठ थप-थपाई और इस दौरान मौजूद दर्शकों ने पहलावन की हौंसला अफजाई के लिए खूब तालियां बजाई।शिवपुरी जिले के इस पहलवान यशवंत सिंह यादव आशु को 70000 रुपए का इनाम भी दिया गया। उसे 20 हजार का चेक और 50 हजार का नगद पुरस्कार दिया गया। आजमगढ़ में धूम मचाकर इनाम जीतने वाले इस पहलवान का अतिथि स्वागत स्थानीय निवासियों ने भी किया।कोलारस वासियों ने कहा कि इन्होंने आजमगढ़ में मोटरसाइकिल उठाने की प्रतियोगिता जीतकर हमारे इलाके को गोरांवित किया है।

## रिलायंस डिजिटल के 'डिजिटल डिस्काउंट डेज़' में इलेक्ट्रॉनिक्स परदी जा रही है 25000 तक की छूट

Reliance digital
PERSONALISING TECHNOLOGY

**भोपाल**। रिलायंस डिजिटल वापस लेकर आया है 'डिजिटल डिस्काउंट डेज़'.इंडिया में इलेक्ट्रॉनिक्स की इस सबसे बड़ी सेल में, लीडिंग बैंक कार्ड्स और पेपर फाइनान्स पर दी जा रही है, 25000 तक की छूट. यह ऑफर्स आज से 20 अप्रैल तक रिलायंस डिजिटल और माय जियो स्टोर्स में सभी इलेक्ट्रॉनिक्स पर और ऑनलाइन reliancedigital.in पर मान्य हैं। आसान फाइनान्सिंग, ई एम आई विकल्पों और सबसे जल्दी डिलीवरी और इंस्टॉलेशन के साथ, इंडिया के लिए है ये बिल्कुल राइट टाइम अपग्रेड करने का गर्मी के लिए हो जाइए तैयार, 1.5 टन 3 स्टार AC के साथ, 26990 से शुरू. एयर कूलर्स की विशाल रेंज पर बेस्ट डील्स का फायदा उठाएं। पाइए साइड बाय साइड रेफ्रिजरेटर,केवल 61990 में. लैपटॉप पर 30000 तक के फायदे का आनंद लीजिए और सबसे किफायती कीमतों पर बिल्कुल नए स्मार्टफोन्स खरीदें। पाइए टीवीपर 60% तक की छूट- 55" 4K Google TV केवल 26990 में. खरीदें वॉशर ड्रायर्स 49990 से शुरू और पाइए 3000 कीमत केगिफ्ट्सफ्री। पाइए ऐप्प लएयरपॉड्स 4,537/माह की ईएमआई पर और ऐप्पल वॉच सीरीज़ 10, 3908/माह की ई एम आई पर, होम एंड किचन अप्लायंसेस पर पाइए, ज्यादा खरीदें ज्यादा बचत वाला ऑफर खरीदें 1, पाइए 5% की छूट, खरीदें2, पाइए 10% की छूट, खरीदें 3 और फायदा उठाइए 15% की भारी छूट का।

## रेल यात्रियों का खोया मोबाइल अब जल्द मिलेगा वापस

### सीधे CEIR पोर्टल पर कर सकते हैं शिकायत, रेलवे सुरक्षा बल-दूरसंचार विभाग के बीच करार




संवाददाता ● इंदौर

रेलवे सुरक्षा बल (RPF) ने दूरसंचार विभाग के साथ मिलकर एक बड़ी पहल की है, जिसके तहत अब गुम हुए मोबाइल फोन की खोज और बरामदगी के लिए सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (CEIR) पोर्टल का उपयोग किया जाएगा। इस कदम से लाखों यात्रियों को फायदा मिलने की उम्मीद है। इस योजना की शुरुआत नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में की गई थी, जिसमें कई खोए हुए मोबाइल सफलतापूर्वक बरामद किए गए और चोरी में लिप्त आरोपियों को पकड़ा भी गया। अब इस योजना को पूरे देश में लागू किया जा रहा है।

#### ऐसे करें शिकायत दर्ज

यदि कोई यात्री ट्रेन यात्रा के दौरान अपना मोबाइल फोन खो देता है, तो वह रेल मदद ऐप या 139 हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से इसकी रिपोर्ट कर सकता है। यदि एफआईआर दर्ज नहीं करानी हो, तो यात्री CEIR पोर्टल पर भी सीधे शिकायत दर्ज कर सकता है। CEIR पर शिकायत दर्ज करने के बाद, RPF की जोनल साइबर सेल डिवाइस की जानकारी पोर्टल पर अपडेट कर उसे ब्लॉक कर देगी। यदि फोन में नई सिम का उपयोग किया गया हो, तो उसे ट्रैक कर वापसी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

जब खोया हुआ मोबाइल मिल जाता है, तो उपयोगकर्ता को नजदीकी RPF पोस्ट पर फोन जमा कराने के लिए कहा जाएगा। असली मालिक आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर अपना फोन प्राप्त कर सकता है। रिकवरी के बाद, शिकायतकर्ता CEIR पोर्टल पर फोन को अनब्लॉक करने का अनुरोध भी कर सकता है। RPF पहले से ही ऑपरेशन अमानत के तहत यात्रियों की खोई संपत्ति की बरामदगी में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। जनवरी 2024 से फरवरी 2025 के बीच RPF ने 84.03 करोड़ रुपए मूल्य की वस्तुएं रिकवर कर 1.15 लाख से अधिक यात्रियों को लौटाई हैं। CEIR पोर्टल को शामिल किए जाने से अब मोबाइल फोन की रिकवरी प्रक्रिया और अधिक तेज़ व प्रभावी हो सकेगी।

## प्रदेश में डीएसपी की पोस्टिंग का अधिकार एसपी को नहीं मिलेगा

संवाददाता ● भोपाल

भोपाल। मध्य प्रदेश के जिलों में पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) की पोस्टिंग का अधिकार नहीं मिलेगा। पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) द्वारा भेजे गए इस संबंध में

**प्रस्ताव**

प्रस्ताव को सरकार ने वापस लौटा दिया है। बता दें पीएचक्यू ने गृह विभाग को एसपी को जिले में डीएसपी और एसडीओपी के ट्रांसफर और पोस्टिंग का अधिकार देने का प्रस्ताव भेजा था। इस प्रस्ताव में एसपी को कलेक्टरों के समान अधिकार देने की बात कही गई थी। कलेक्टरों को जिले में एसडीएम की पोस्टिंग तय करने का अधिकार होता है।

### सरकार प्रस्ताव से असहमत



उसी तर्ज पर एसपी को भी अपने अनुसार अधिकारियों की पोस्टिंग का अधिकार देने की मांग प्रस्ताव में की गई थी, ताकि वे अपनी टीम खुद तय कर सकें और अपराध नियंत्रण को अधिक प्रभावी बनाया जा सके। जानकारी के अनुसार, राज्य सरकार प्रस्ताव पर अब तक कोई निर्णय नहीं ले पा रही है। इस निर्णय से राजनीतिक हस्तक्षेप को बढ़ावा मिलेगा। इस तर्क के साथ सरकार अब प्रस्ताव पर अपनी सहमति नहीं है। सरकार का मानना है कि अभी पुलिस अधिकारियों के ट्रांसफर एवं पोस्टिंग की प्रक्रिया पूर्ववत सरकारी स्तर पर ही जारी रहनी चाहिए। हालांकि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि अभी प्रस्ताव विचाराधीन है। इस प्रस्ताव को लेकर राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के बीच मतभेद सामने आए थे। इसको लेकर सोशल मीडिया पर अधिकारियों ने अपना पक्ष रखते हुए इसका विरोध किया था। इसमें अधिकतर अधिकारियों ने राजनीतिक हस्तक्षेप बढ़ने का तर्क दिया था।

### मंत्री गडकरी का बड़ा ऐलान

# ग्वालियर, विदिशा, सागर को 4-लेन हाईवे का तोहफा

संवाददाता ● भोपाल

मध्य प्रदेश के चार जिलों को चार फोर-लेन हाईवे मिलने वाले हैं। एमपी को यह तोहफा देने का ऐलान केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने किया है। नितिन गडकरी ने एक्स पर पोस्ट कर विस्तार से सारी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य के चार जिलों- ग्वालियर, विदिशा, सागर और भोपाल में फोर-लेन हाईवे के लिए फंड को मंजूरी दे दी गई है। नितिन गडकरी ने एक्स पर पोस्ट लिखा, 'मध्य प्रदेश के

**ऐलान**

ग्वालियर शहर के पश्चिमी हिस्से में 28.516 किमी लंबाई के एक्सेस कंट्रोल्ड 4-लेन बाईपास के निर्माण के लिए 1347.6 करोड़ रुपये की लागत के साथ स्वीकृति दी गई है। यह परियोजना मुरैना और ग्वालियर जिले तथा मार्ग में स्थित अन्य महत्वपूर्ण ब्लॉकों और तहसील मुख्यालयों को जोड़ेगी।' परिवहन मंत्री ने आगे बताया, 'यह सड़क खंड धमनी के रूप में कार्य करता है तथा राष्ट्रीय राजमार्ग-46 और राष्ट्रीय-44 और आगामी आगरा-ग्वालियर एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे को कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इस खंड के विकास से लंबे मार्ग के यातायात और माल ढुलाई की समग्र दक्षता में सुधार होगा, जिससे यातायात का सुचारू और सुरक्षित प्रवाह सुनिश्चित होगा, यात्रा समय में पर्याप्त कमी आएगी।' केंद्रीय परिवहन मंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'मध्य प्रदेश के सागर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-146 पर लहदरा गांव जंक्शन से राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर बेरखेड़ी गुरु गांव जंक्शन तक ग्रीनफील्ड 4-लेन सागर पश्चिमी बाईपास (लंबाईः 20।193 किमी) के निर्माण के लिए 688।31 करोड़ रुपये की लागत के साथ स्वीकृति दी गई है।'उन्होंने आगे लिखा, 'मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्ग-146 शहरी बस्तियों और अत्यधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से होकर गुजरता है, जिसके कारण अक्सर ट्रैफ़िक जाम होता है। यह 4-लेन ग्रीनफील्ड बाईपास शहर में भीड़भाड़ कम करने के साथ-साथ यात्रा के समय और दूरी को कम करने में मदद करेगा।'

### भोपाल में फोर-लेन हाईवे

मध्य प्रदेश के भोपाल जिले में संदलपुर से नसरुल्लागंज बाईपास तक राष्ट्रीय राजमार्ग-146बी के 43।200 किमी लंबाई के खंड को 4-लेन का बनाने के लिए 1535।66 करोड़ रुपये की लागत के साथ स्वीकृति दी गई है। यह सड़क खंड धमनी के रुप में कार्य करता है और राष्ट्रीय राजमार्ग-47, राष्ट्रीय राजमार्ग-46 और राष्ट्रीय राजमार्ग-45 इन तीन राजमार्गों को कनेक्टिविटी प्रदान करता है।



## इश्क करके सुर्खियों में आई जसलीन मथारू



गायिका जसलीन मथारू आज अपना 35वां जन्मदिन मना रही हैं। पंजाबी परिवार से ताल्लुक रखने वाली जसलीन मथारू ने बचपन से ही गायिकी सीखी। इसके बाद वह अपनी किस्मत आजमाने के लिए मुंबई आ गईं। उन्हें सिंगिंग में तो शोहरत नहीं मिली, बल्कि उन्होंने गायक अनूप जलोटा के साथ अपने रिश्ते को लेकर खूब सुर्खियां बटोरीं। आज जसलीन मथारू के जन्मदिन पर आइए जानते हैं उनके बारे में। अपने काम से ज्यादा जसलीन मथारू ने अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियां बटोरीं। जसलीन का नाम उस वक्त सुर्खियों में आया था, जब वह सलमान खान के शो 'बिग बॉस 12' में नजर आईं। उन्होंने शो में अपने से दोगुना बड़े गायक अनूप जलोटा के साथ एंट्री ली थी। अनूप जलोटा और जसलीन मथारू ने बिग बॉस में ये कहकर एंट्री ली थी कि वह दोनों एक दूसरे के साथ रिश्ते में हैं। जसलीन मथारू ने सलमान खान के सामने कहा कि वह अनूप जलोटा के साथ रिश्ते में हैं। अनूप जलोटा जसलीन मथारू से 37 साल बड़े थे। लोगों ने इनके किस्सों को खूब मेज लेकर पढ़ा। लेकिन जैसे ही दोनों बिग बॉस से बाहर निकले तो उन्होंने बिग बॉस शो को स्क्रिप्टेट कहा गया। दोनों ने एक दूसरे को गुरू-शिष्या कहा। इस तरह से उन्होंने अपने रोमांस को फेक बताया। जसलीन मथारू बिग बॉस शो में अजीब हरकतें करती थीं। कई बार वह अनूप जलोटा को किस कर दिया करती थीं। कई बार लोगों को उनकी यह हरकतें पसंद नहीं आती थीं। जब तक वह बिग बॉस में थीं तब तक सुर्खियों में रहीं। इसके बाद उन्हें कुछ खास काम नहीं मिला। अनूप और जसलीन साल 2021 में आई फिल्म 'वो मेरी स्टूडेंट' में साथ नजर आए।

## करीना कपूर की बोटॉक्स से तौबा, खुद को फिट और खूबसूरत रखने के लिए करती हैं ये काम

फिल्म इंडस्ट्री में सर्जरी करवाकर जवान और खूबसूरत दिखना अब आम सी बात हो गई है। कई सारी अभिनेत्रियों ने अपनी सर्जरी करवाई है और कईयों को लेकर अफवाह भी है। हालांकि, कुछ अभिनेत्रियां इससे खुद को दूर ही रखती हैं। उनमें से एक हैं करीना कपूर। अभिनेत्री के पास बोटॉक्स से दूर रहने के अपने तरीके और तरकीबें हैं। बुधवार को करीना कपूर ने एक इवेंट में हिस्सा लिया। इवेंट में अभिनेत्री ने अपनी उम्र को स्वीकार करने और ऐसी प्रक्रियाओं पर निर्भर हुए बिना अपनी त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाए रखने के लिए अपनी खुद की रणनीतियों के बारे में बात की। अपने जीवन के अंतिम वर्षों में अभिनेत्री ने फिट और स्वस्थ रहने की बात करते हुए कहा, 'इसके लिए मुझे मार्गदर्शन के अनुसार सही खाना चाहिए। मेरे लिए उम्र बढ़ना और जीवन यही है। मुझे यह पसंद है। मैं इसे अपना रही हूं, लेकिन मैं ये सभी खास चीजें कर रही हूं, जैसे घी खाना, खिचड़ी खाना, मांसपेशियों की मजबूती के लिए थोड़ी वेट ट्रेनिंग करना, थोड़ा टहलना, सूर्य नमस्कार करना, त्वचा उपचार और बोटॉक्स के बजाय खुद पर थोड़ा काम करना।' करीना कपूर के वर्क फ्रंट की बात करें तो करीना को साल 2024 में 'क्रू', 'द बकिंघम मर्डर्स' और 'सिंघम अगेन' में देखा गया है। तीनों में से आखिरी रोहित शेट्टी की 'सिघम अगेन' थी। इसमें अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिकाओं में थे। वह अपनी अगली फिल्म के लिए निर्देशक मेघना गुलजार के साथ काम कर रही हैं।





## सब्र और शुक्र ने दिखाई नई राह

### अर्जुन कपूर से ब्रेकअप के बाद मलाइका अरोड़ा ने नए टैटू का बताया राज

बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा अपकमिंग प्रोजेक्ट से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। साल 2024 उनके लिए कई मायनों में दुखों से भरा साबित हुआ। उन्होंने अपने पिता अनिल मेहता को खो दिया। इससे कुछ समय पहले एक्ट्रेस का ब्रेकअप अर्जुन कपूर से हुआ था। ब्वॉयफ्रेंड से अलग होने के बाद हाल ही में उन्होंने एक नया टैटू बनवाया। अब एक्ट्रेस ने खुद इसका मतलब और वजह दोनों बता दी है। फिटनेस और खूबसूरती के मामले में यंग एक्ट्रेसेज भी मलाइका अरोड़ा मलाइका अरोड़ा को टक्कर नहीं दे पाती हैं। एक्ट्रेस को देखकर उनकी सही उम्र का अंदाजा लगाना बेहद मुश्किल काम है। एक्ट्रेस ने अपने नए टैटू के बारे में बात की। दरअसल, उनके नए टैटू ने रेड कार्पेट पर सभी का ध्यान खींचने का काम किया। इसके बारे में उन्होंने बताया, मलाइका ने अपनी बात पूरी करते हुए आगे बताया कि वह अपनी जिंदगी के कुछ खास मोड़ पर ही टैटू बनवाती हैं। उन्होंने इस बात का खुलासा किया कि उनका आखिरी टैटू आठ साल पहले का था। जब मलाइका का अरबाज खान के साथ तलाक हुआ था। उस समय उनके टैटू में तीन उड़ते हुए पक्षी थे, जो उनके जीवन के एक नए अध्याय की ओर इशारा करता है। मलाइका अरोड़ा का नाम इन दिनों श्रीलंका के क्रिकेटर कुमार संगकारा के साथ जोड़कर देखा जा रहा है। ऐसे में उनके फैंस को लग रहा है कि एक्ट्रेस को एक बार फिर प्यार हो गया है। इस बारे में उन्होंने बताया कि 'अभी मेरा ध्यान इस चीज पर बिल्कुल नहीं है।

## अंजलि आनंद संग बचपन में घटिया हरकत करता था डांस टीचर

### बोलीं- लिप किस करता, मेरा बाप बनता था

'डब्बा कार्टेल' और 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के लिए मशहूर एक्ट्रेस अंजलि आनंद ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बचपन के दर्दनाक अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि कैसे एक डांस टीचर ने उनकी जिदगी तबाह करने की कोशिश की जब वह सिर्फ़ आठ साल की थीं और बताया कि कैसे उनके पहले बॉयफ्रेंड ने उन्हें बचाया था। अंजलि ने बताया कि यह एक डांस टीचर था जो फैमिली की तरह था। अंजलि ने बताया कि वो उनके साथ घटिया हरकतें करता था। जब उनसे आगे पूछा गया कि क्या वह कुछ करने की कोशिश करते समय उन्हें अकेले में ले जाता था, तो अंजलि ने कहा कि 'हां' और ये भी बताया कि उसने सब कुछ करने की कोशिश की। अंजलि ने कहा, 'मुझे नहीं पता था कि क्या करना है। मैं आठ साल की थी, मेरे पिता के गुजर जाने के ठीक बाद ये हुआ। उन्होंने मुझसे कहा, 'मैं तुम्हारा पिता हूं,' और मैंने उनकी बात पर विश्वास कर लिया क्योंकि मुझे इससे बेहतर कुछ नहीं पता था। फिर उन्होंने बहुत धीरे-धीरे शुरू किया। उसेन मेरे होठों पर एक किस किया और कहा, 'पिता ऐसा ही करते हैं।' अंजलि आनंद ने आगे कहा, 'तो ये सब मुझे नॉर्मल लगा। फिर मुझे लगा कि मैं बस फंस गई। वह मेरी हर चीज पर नजर रखता था। उसे पता था कि मैं क्या मैसेज भेज रही हूं। उसने मुझे इस लड़के से बात करते हुए पकड़ लिया। वह मुझे लेने के लिए मेरे स्कूल के बाहर इंतज़ार करता था और हर कोई सोचता था, 'वह हमेशा वहां क्यों रहता है?' लेकिन किसी ने यह देखने की कोशिश भी नहीं की कि क्यों। उन्होंने याद किया कि जब वह आठ साल की थीं, तब से लेकर 14 साल की उम्र तक यह सब चलता रहा। अंजलि ने अपने पहले बॉयफ्रेंड को इन सारी चीजों से बचाने के लिए थैंक्यू कहा। अंजलि को आखिरी बार वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' में देखा गया था, जिसे दर्शकों और आलोचकों दोनों से प्यार मिला था। इस शो में शबाना आज़मी, शालिनी पांडे और ज्योतिका भी लीड रोल्स में हैं और यह नेटफ्लिक्स पर देखने के लिए उपलब्ध है। वह अगली बार फराज आरिफ अंसारी की फिल्म 'बन टिक्की' में नजर आएंगी जिसमें अभय देओल, शबाना आज़मी, ज़ीनत अमान और नुसरत भरुचा भी हैं। उन्होंने बताया कि यह कई सालों तक चलता रहा और डांस टीचर ने उनकी ज़िंदगी पर हुकूमत चलाई। उन्होंने आगे कहा, 'वह मुझे अपने बाल खुले नहीं रखने देता था। वह मुझे लड़कियों के कपड़े नहीं पहनने देता था। वह मुझे अपनी पुरानी टी-शर्ट पहनाता था ताकि मैं दूसरों को अच्छी न दिखूं। जब मेरी बहन की शादी हुई और मेरे पिता के सबसे अच्छे दोस्त का बेटा शादी में आया, तो उसे मुझ पर क्रश हो गया और उसने मुझसे बात करना शुरू कर दिया।'



### जमुनिया, जामुन के फल की तरह ही कई गुणों से भरपूर है

## मेरा किरदार सिर्फ उसके रूप तक सीमित नहीं है : आलेया घोष

शेमारू उमंग पर प्रसारित 'जमुनिया' शो अपने प्रसारण के बाद से ही दर्शकों का दिल छू रहा है और समाज में खूबसूरती, स्वीकृति और आंतरिक शक्ति को लेकर एक महत्वपूर्ण चर्चा छेड़ रहा है। यह कहानी जमुनिया नाम की एक लड़की की है, जो अपने सांवले रंग के कारण समाज की आलोचना का शिकार होती है। एक ऐसी दुनिया में जहाँ सुंदरता को अक्सर गोरेपन से जोड़ा जाता है, उसके लिए हर दिन एक नई चुनौती होता है। लेकिन जमुनिया हार मानने वालों में से नहीं है, वह अपने आत्मविश्वास और साहस से इन भेदभावों का डटकर सामना करती है। शो के नाम और इसके गहरे अर्थ के बारे में बात करते हुए मुख्य अभिनेत्री आलेया घोष कहती हैं,'जमुनिया, जामुन के फल की तरह ही कई गुणों से भरपूर है। जैसे जामुन सेहत के लिए लाभकारी होता है, वैसे ही मेरा किरदार 'जमुनिया' सिर्फ अपनी बाहरी सुंदरता तक सीमित नहीं है। वह निडर है और सही के लिए खड़ी होती है। मौजूदा कहानी में, उसने खुद को साबित किया है और वह जानती है कि अपने हक के लिए कैसे लड़ना है। वह किसी को भी खुद पर अन्याय नहीं करने देगी और अपने पति की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाएगी, भले ही उसका पति और परिवार उसे उसके रूप के कारण स्वीकार न करें। लोग अक्सर रूप-रंग के आधार पर निर्णय लेते हैं, लेकिन असली सुंदरता साहस, विनम्रता और आत्मबल में होती है। अब समय आ गया है कि हम त्वचा के रंग से आगे बढ़ें और अपने अंदर के हीरो को पहचानें।' 'जमुनिया' का दुनिया का नजरिया बदलने को लेकर उसकी संघर्ष से भरी यात्रा के ज़रिए, यह शो एक सशक्त संदेश देता है। सौंदर्य केवल चेहरे की सुंदरता में नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, संकल्प और सच्चे दिल में होता है। देखिए 'जमुनिया' शो, हर सोमवार से शनिवार, रात 8:00 बजे, सिर्फ शेमारू उमंग पर!



## राजस्थान को वैश्विक पर्यटन हब बनाने की दिशा में सरकार प्रतिबद्ध : दिया कुमारी



राजस्थान की उपमुख्यमंत्री राजकुमारी दिया कुमारी ने टाइम्स नाउ समिट 2025 में भाग लेते हुए राज्य की नई पर्यटन नीति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने में कोई खास रुचि नहीं दिखाई और इस क्षेत्र के विकास के लिए न्यूनतम बजट आवंटित किया गया। अब राजस्थान सरकार की प्राथमिकता राज्य की गौरवशाली विरासत को पुनर्जीवित करना और इसे वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करना है। दिया कुमारी ने कहा, 'पर्यटन केवल बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक अनूठा अनुभव भी है। राजस्थान में हर वह चीज़ मौजूद है जो इसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल बना सकती है—आध्यात्मिक पर्यटन, भव्य किले और स्मारक, समृद्ध इतिहास, समृद्ध वन्यजीव अभयारण्य और अब ग्रामीण पर्यटन पर भी बढ़ता ध्यान।' उन्होंने विशेष रूप से डेव माली गाँव का उल्लेख किया, जिसे भारत का सर्वश्रेष्ठ गाँव पुरस्कार मिला, लेकिन अभी भी यह लोगों की नजरों से दूर है। सरकार अब ऐसे छिपे हुए रत्नों को वैश्विक मंच पर लाने के लिए विशेष रणनीतियाँ अपना रही है।

**सरकार का विजनः 'पर्यटन से समृद्ध राजस्थान'** – राजस्थान सरकार पर्यटन को एक व्यापक आर्थिक विकास योजना के रूप में देख रही है। इस दिशा में सरकार ने कुछ महत्वपूर्ण पहल की हैं जो हैं पर्यटन स्थलों की ब्रांडिंग और मार्केटिं, आधारभूत संरचना और कनेक्टिविटी का विस्तार, संस्कृति, कला, और संगीत उत्सवों को बढ़ावा देना, वैवाहिक पर्यटन और कंसर्ट टूरिज्म को बढ़ावा देना। उन्होंने कहा, 'हमारा उद्देश्य न केवल देशभर से, बल्कि पूरी दुनिया से पर्यटकों को आकर्षित करना है और राजस्थान की अनमोल धरोहर को फिर से केंद्र में लाना है।' दिया कुमारी ने स्पष्ट किया कि राजस्थान सरकार की प्राथमिकता पर्यटन क्षेत्र को नए आयाम देना है। नई योजनाओं और रणनीतियों के जरिए राजस्थान को वैश्विक मानचित्र पर पर्यटन का केंद्र बनाने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

## राशि खन्ना ने अपने एनर्जेटिक रूटीन से फिटनेस को बनाया मजेदार

कौन कहता है कि वर्कआउट सिर्फ पसीना बहाने का नाम है। राशि खन्ना फिटनेस को एक नया रूप दे रही हैं, जहां मेहनत और मस्ती का अनोखा मेल देखने को मिल रहा है। अपनी सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाने वाली राशि इन दिनों जिम में पहले से ज्यादा मेहनत कर रही हैं, लेकिन उनके वर्कआउट सेशन्स में सिर्फ इंटेंस एक्सरसाइज़ ही नहीं, बल्कि ढेर सारी मस्ती और जोश भी शामिल है।अ पनी हालिया सोशल मीडिया पोस्ट में, राशि एकदम बीस्ट मोड में नजर आ रही हैं, वेट लिफ्टिंग, एगिलिटी ड्रिल्स और जबरदस्त वर्कआउट कर रही है। लेकिन जो चीज़ उनकी रूटीन को सबसे ज्यादा प्रेरणादायक बनाती है, वो है उनकी इंफेक्शियस एनर्जी और चुलबुला अंदाज। एक्सरसाइज़ के बीच-बीच में वह अपने ट्रेनर के साथ मजेदार पल भी शेयर कर रही हैं, यह साबित करते हुए कि मेहनत और मस्ती एक साथ चल सकते हैं। उन्होंने इस पोस्ट के साथ लिखा, 'एवरी डे, आई शो अप। एवरी डे, आई कम्प्लेन। एवरी डे, आई सर्वाइव। रिलेटेबल।' फिटनेस सफर की यह झलक राशि के प्रशंसकों को काफी पसंद आ रही है, लोग उनकी मेहनत और पॉजिटिव एनर्जी की तारीफ कर रहे हैं। 'द साबरमती रिपोर्ट' में अपने दमदार किरदार से सबका दिल जीतने वाली राशि आज की सबसे प्रतिभाशाली पैन-इंडिया स्टार्स में से एक मानी जाती हैं और वह स्क्रीन के अंदर और बाहर, दोनों जगह अपने फैंस को लगातार प्रभावित कर रही हैं। राशि ने हाल ही में इस साल के लिए कुछ रोमांचक प्रोजेक्ट्स की ओर इशारा किया है, हालांकि अभी तक ज्यादा डिटेल्स सामने नहीं आई हैं। इसके अलावा, उन्हें एक्सेल एंटरटेनमेंट के ऑफिस में स्पॉट किया गया, जिससे फैंस के बीच उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। फिटनेस, मस्ती और प्रोफेशनल सफलता को बैलेंस करते हुए राशि खन्ना लगातार यह साबित कर रही हैं कि वह इंडस्ट्री की सबसे शानदार और दमदार कलाकारों में से एक हैं।



### चार मई को लखनऊ में होगा मुकाबला

# धर्मशाला में सात दिन नेट प्रैक्टिस करेगी पंजाब

एजेंसी ● धर्मशाला

आईपीएल सीजन-2025 में होने वाले आईपीएल मैचों के दौरान पंजाब किंग्स की टीम 11 दिन धर्मशाला में ठहरेगी। इस दौरान तीन मैच खेलेगी और मैचों के बीच सात दिन अभ्यास कर मैदान और पिच के मिजाज को भी जानेगी। पंजाब की टीम अपने दूसरे होम ग्राउंड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 4 मई को लखनऊ के साथ होने वाले मैच के लिए पहली मई को पहुंच जाएगी। दो दिन धर्मशाला में अभ्यास करने के बाद 4 मई को पंजाब की टीम आईपीएल का मैच खेलेगी।

लखनऊ की टीम 4 मई को होने वाले मैच से दो दिन पूर्व ही धर्मशाला आएगी। धर्मशाला में पंजाब किंग्स से मुकाबले से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम 27 अप्रैल को मुंबई में मुंबई से मैच खेलेगी। इसके बाद वह कुछ दिन आराम करने के बाद दो मई को धर्मशाला आएगी। 3 मई को अभ्यास करने के बाद लखनऊ की टीम 4 मई को मैच खेलेगी। दिल्ली कैपिटल्स की टीम 6 मई को धर्मशाला आएगी, जो 7 मई को अभ्यास करने के बाद 8 मई को मैच खेलेगी।

### नौ मई को धर्मशाला पहुंचेगी मुंबई

इसके अलावा 11 मई को होने वाले मुकाबले के लिए मुंबई की 8 या 9 मई को धर्मशाला पहुंचेगी। इसके बाद अभ्यास करने के बाद 11 मई को मैच खेलेगी। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैचों के लिए पंजाब की टीम सबसे पहले आएगी। टीम 11 दिन धर्मशाला में रुकेगी। अभी टीमों के अभ्यास का शेड्यूल जारी नहीं हुआ है। उम्मीद है कि मैचों के बीच पंजाब की टीम सात दिन अभ्यास करेगी। बाकी टीमें एक या दो दिन अभ्यास के बाद मैच खेलेंगी।



### सबालेंका-जोकोविच जैसे शीर्ष खिलाड़ियों ने की मांग

# ग्रैंडस्लैम टूनामेंट में खिलाड़ियों को अब चाहिए बड़ा इनाम

एजेंसी ● वॉशिंगटन

नोवाक जोकोविच, यानिक सिनर, अरिना सबालेंका और कोको गॉफ जैसे 20 प्रमुख टेनिस खिलाड़ियों ने चारो ग्रैंड स्लैम टूनामेंट की पुरस्कार राशि बढ़ाने की मांग की है। इतना ही नहीं, इन दिग्गज और स्टार टेनिस खिलाड़ियों ने उन्हें प्रभावित करने वाले फैसलों में उनकी बात को अधिक तवज्जो देने की मांग की है। इन स्टार्स ने इस संबंध में चारों ग्रैंड स्लैम टूनामेंट के प्रमुखों को पत्र लिखा है। यह पत्र 21 मार्च को लिखा गया था।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन के प्रमुख क्रेग टिली हैं, जबकि फ्रेंच ओपन के प्रमुख स्टीफन मोरेल, विंबलडन के प्रमुख सैली बोल्टन और अमेरिकी ओपन के प्रमुख ल्यू शेर हैं। इन सभी को संबोधित करते हुए खिलाड़ियों ने पत्र में इस महीने होने वाले मैड्रिड ओपन के दौरान अपने प्रतिनिधियों और चारों ग्रैंड स्लैम के प्रमुखों के बीच बैठक करने का भी अनुरोध किया है।

इस पत्र में पुरुष रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल सभी खिलाड़ियों के हस्ताक्षर हैं, जबकि महिला वर्ग में शीर्ष-11 खिलाड़ियों में से केवल एलिना रयबाकिना के इस पर हस्ताक्षर नहीं हैं। अभी ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन की



कुल पुरस्कार राशि करीब 58 मिलियन डॉलर (करीब 494 करोड़ रुपये) है, जबकि विंबलडन की करीब 64 मिलियन डॉलर (करीब 545 करोड़ रुपये) और अमेरिकी ओपन की लगभग 75 मिलियन डॉलर (करीब 639 करोड़ रुपये) है। इस राशि में से विजेताओं-उपविजेताओं समेत अन्य हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि बांटी जाती है।

### होपमैन कप इटली के दक्षिणी शहर बारी में होगा

अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ ने घोषणा की है कि इस साल का होपमैन कप इटली के दक्षिणी शहर बारी में खेला जाएगा। इस मिश्रित टीम टूनामेंट में इटली, फ्रांस, स्पेन, यूनान, कनाडा और मौजूदा चैंपियन क्रोएशिया की टीमें हिस्सा लेंगी। इसका आयोजन विंबलडन के एक सप्ताह बाद 16 से 20 जुलाई तक किया जाएगा। होपमैन कप के लिए टीमों में एक पुरुष और एक महिला खिलाड़ी शामिल होते हैं। इसके एक मुकाबले में एक पुरुष एकल मैच, एक महिला एकल मैच और एक मिश्रित युगल मैच शामिल होता है। इस टूनामेंट से खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक नहीं मिलते हैं। ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी हैरी होपमैन के नाम पर, होपमैन कप 1989 में शुरू हुआ और 2020 तक हर साल खेला जाता था। पहले 30 वर्ष तक इसका आयोजन ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर में टेनिस सत्र के पहले सप्ताह में किया जाता था। आखिरी बार इसका आयोजन 2023 में फ्रांस में हुआ था जिसमें क्रोएशिया के डोना वेकिच और बोर्ना कोरिच चैंपियन बने थे।

### विशेषज्ञों ने खिलाड़ियों को चेताया, 'हर्बल सप्लीमेंट को लेकर रहें सतर्क'

**पटियाला।** शोधकताओं और विशेषज्ञों ने पटियाला के नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) में हाल में संपन्न हुए एक सम्मेलन में खिलाड़ियों को 'हर्बल सप्लीमेंट' के सेवन में लापरवाही बरतने के प्रति चेतावनी दी। दो दिन के सेमीनार में 'हामोर्नाइजिंग मूवमेंट : शानदार प्रदर्शन के लिए योग को खेल विज्ञान के साथ एकीकृत करने' के बारे में खेल विज्ञान के कई विषयों पर चर्चा की गई। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के हाई परफोरमेंस निदेशक (एथलेटिक्स) वजीर सिंह फोगाट ने बताया कि एथलीट अकसर ताकत, सहनशक्ति, प्रतिरक्षा और उबरने की प्रक्रिया को बढ़ाने के लिए ह्यहर्बल सप्लीमेंटह्ण का सहारा लेते हैं। साई की एक विज्ञप्ति में फोगाट के हवाले से कहा गया, 'आमतौर पर इन सप्लीमेंट को पारंपरिक तौर पर प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाओं के प्राकृतिक और सुरक्षित विकल्प के रूप में देखा जाता है।'साई की वैज्ञानिक अधिकारी वाणी भूषणम गोला ने भी अनुचित उपयोग से जुड़े जोखिमों के बारे में चेतावनी दी। उन्होंने कहा, 'कई खिलाड़ी सही मार्गदर्शन के बिना हर्बल सप्लीमेंट का सेवन करते हैं जिसके अधिक सेवन के कारण विषाक्तता या हार्मोनल असंतुलन हो सकता है।

### सैकिया बोले- प्रदूषण हर साल नहीं होता

# बीसीसीआई ने नवंबर में दिल्ली में टेस्ट मैच कराने का बचाव किया

एजेंसी ● मुंबई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने नवंबर में दिल्ली में टेस्ट मैच कराने के फैसले का बचाव किया है। बीसीसीआई ने हाल ही में घरेलू सीजन की घोषणा की थी जिसमें भारत वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा। इसकी शुरूआत दो अक्टूबर से होगी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच अक्टूबर में दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी।



भारत और वेस्टइंडीज के बीच अहमदाबाद और कोलकाता में टेस्ट मैच खेले जाएंगे। इसके बाद भारतीय टीम 14 नवंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। पहला मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम पर खेला जाएगा। नवंबर के महीने में दिल्ली में टेस्ट कराना प्रशंसकों को समझ नहीं आया और उन्होंने बीसीसीआई के फैसले की आलोचना की। हालांकि, सैकिया ने इस फैसले का बचाव किया और कहा कि सभी हितधारकों से चर्चा करने के बाद ही स्थल तय किए गए हैं।

सैकिया ने कहा, 'हमने सभी चीजों पर विचार किया है और सभी से चर्चा करने के बाद रोटेशन नीति अपनाई है। प्रदूषण की समस्या हर साल नहीं होती।' दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के सचिव अशोक शर्मा ने आश्वासन दिया कि वे खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाएंगे और यह भी बताया कि नवंबर महीने में प्रदूषण का स्तर दिसंबर की तुलना में थोड़ा बेहतर है।

अशोक कुमार ने कहा, डीडीसीए यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाएगा कि टेस्ट मैच खेलते समय खिलाड़ी सहज महसूस करें। साथ ही, अरुण जेटली स्टेडियम अपेक्षाकृत खुले क्षेत्र में स्थित है जिसके आसपास ज्यादा हरियाली है। इसलिए हवा की गुणवत्ता ज्यादातर दूसरे क्षेत्रों की तुलना में बेहतर है। दिल्ली को कुछ समय से टेस्ट मैच आवंटित नहीं किया गया था। बीसीसीआई ने हमें टेस्ट मैच की मेजबानी दी है, इसलिए हमें कैलेंडर के हिसाब से चलना होगा। नवंबर में अगर प्रदूषण होता भी है, तो दिसंबर की तुलना में कम होता है।

### 2017 में श्रीलंका के खिलाफ मैच के दौरान हुआ था विवाद

दिल्ली में आखिरी बार टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फरवरी 2023 में हुआ था जहां भारत ने छह विकेट से जीत दर्ज की थी। हालांकि, दिसंबर 2017 में श्रीलंका के खिलाफ हुए मैच में उस वक्त विवाद खड़ा हो गया था जब श्रीलंका के कुछ खिलाड़ियों ने मैच के दौरान सांस लेने में दिक्कत की शिकायत की थी। इसके कारण विवाद हो रहा था और भारत को अपनी पारी जल्द घोषित करनी पड़ी थी।

### चापमैन पाक सीरीज के तीसरे वनडे से बाहर

**हैमिल्टन।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्क चापमैन पाकिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज का आखरी मैच नहीं खेलेंगे। उन्हें हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण शनिवार को हैमिल्टन में होने वाली मैच से रेस्ट दिया गया है। इस मैच में बल्लेबाज टिम सिफर्ट उनकी जगह लेंगे। वहीं चापमैन सीरीज के दूसरे मैच में भी नहीं खेल सके थे। उन्हें नेपियर में पहले वनडे मैच में फील्डिंग करते समय इंजरी हुई थी। चापमैन ने इस वनडे सीरीज के पहले मैच में 111 गेंदों पर 132 रन की शतकीय पारी खेली थी। यह उनके वनडे करियर की बेस्ट पारी है। इसमें उन्होंने 13 चौके और 6 छक्के लगाए थे। वे चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए थे। उनके अलावा डेरिल मिचेल ने भी 76 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली थी। वहीं, न्यूजीलैंड के गेंदबाज नाथन स्मिथ ने सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके थे। तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ 73 रन से जीत दर्ज की थी। न्यूजीलैंड ने दूसरा वनडे में भी 84 रन से जीतकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। वनडे सीरीज से पहले दोनों के बीच टी-20 सीरीज खेली गई थी।

# '23 करोड़ मिलने का मतलब यह नहीं कि हर मैच में रन बनाने होंगे' - अय्यर

**कोलकाता।** आईपीएल 2025 में गुरुवार को वेंकटेश अय्यर की शानदार बल्लेबाजी के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 80 रन से हरा दिया। वेंकटेश ने 29 गेंद में 60 रन की पारी खेली। अपनी इस पारी के साथ ही वेंकटेश ने आलोचकों को करारा जवाब दिया है। दरअसल, शुरूआती दो मैच में वेंकटेश फेल रहे थे। ऐसे में आलोचक उन पर निशाना साध रहे थे कि केकेआर ने उन्हें क्यों ज्यादा दाम पर खरीदा। अब वेंकटेश ने आलोचकों को जवाब देते हुए कहा है कि उन्हें 23.75 करोड़ रुपए की धनराशि मिलने का यह मतलब नहीं है कि उन्हें हर एक मैच में बड़ा स्कोर बनाना होगा। उन्होंने कहा कि उनका ध्यान टीम के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन करने पर है।

केकेआर ने मेगा नीलामी में राइट टू मैच कार्ड का इस्तेमाल करके वेंकटेश को फिर से अपनी टीम से जोड़ा था, लेकिन वह पहले दो मैच में केवल नौ रन बना पाए थे। अब 60 रन की पारी खेलने के बाद वेंकटेश ने कहा, 'मैं झूठ नहीं बोलूंगा, थोड़ा दबाव है। आप लोग इसको लेकर इतनी चर्चा कर रहे हैं, लेकिन (केकेआर में) सबसे अधिक धनराशि पाने वाला खिलाड़ी होने का मतलब यह नहीं है कि मुझे हर मैच में रन बनाने होंगे।'

उन्होंने कहा, 'यह इससे जुड़ा है कि मैं टीम के लिए कैसे मैच जीत सकता हूं और मैं क्या प्रभाव डाल सकता हूं। इसको लेकर दबाव नहीं है कि मुझे कितनी धनराशि मिल रही है या मैं कितने रन बना रहा हूं। मुझ पर इस तरह का दबाव कभी नहीं रहा।' यह पूछे जाने पर कि क्या केकेआर में सबसे अधिक धनराशि पाने वाले खिलाड़ी होने का दबाव आखिरकार हट गया, वेंकटेश ने मुस्कुराते हुए उल्टा सवाल दाग दिया। उन्होंने कहा, 'आप ही मुझे यह बताएं। मैं आईपीएल के शुरू से कह रहा हूं कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपको 20 लाख या 20 करोड़ मिल रहे हैं। मैं टीम का एक खिलाड़ी हूं जो टीम की जीत में योगदान देना चाहता है।'



'कभी-कभी मुश्किल परिस्थितियों का भी सामना करना होगा'

वेंकटेश ने कहा, 'कभी-कभी हमें मुश्किल परिस्थितियों का भी सामना करना होगा जहां मेरा काम कुछ ओवर खेलना होगा और अगर मैं ऐसा करता हूं और रन नहीं बनाता हूं, तो भी मैंने अपनी टीम के लिए योगदान दिय।' कोलकाता के बल्लेबाज पहले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। उनमें आक्रामकता का अभाव दिखा लेकिन वेंकटेश ने कहा कि उनकी टीम सोची समझी आक्रामकता पर विश्वास करती है।'

# एमआई के लिए खुशखबरी, जल्द वापसी कर सकते हैं बुमराह

एजेंसी ● मुंबई

मुंबई इंडियंस के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ना सिर्फ शुक्रवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए। बल्कि सात अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ भी उनका खेलना संदिग्ध है। हालांकि, ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह मैदान पर वापसी करने के करीब हैं। वह जनवरी से ही रिहैब कर रहे हैं।

हाल के दिनों में बुमराह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपनी गेंदबाजी के वर्कलोड पर काम कर रहे हैं और



बताया जा रहा है कि वह फिटनेस टेस्ट के अंतिम दौर में हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम से हरी झंडी मिलने के बाद बुमराह मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ जाएंगे और आईपीएल 2025 में हिस्सा लेंगे। बुमराह वापसी पर सावधानी बरत रहे हैं और एक्शन में आने से पहले सुनिश्चित करना चाहते हैं कि वह पूरी तरह फिट रहें। मालूम हो कि आईपीएल के 18वें सीजन के बाद भारत को इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है।उस वक्त लगा था कि बुमराह आईपीएल में मार्च में होने वाले मुकाबलों में नहीं खेल पाएंगे, लेकिन अप्रैल में टीम के साथ जुड़ जाएंगे। बुमराह अब तक मैदान पर वापसी नहीं कर सके हैं। बुमराह जनवरी 2025 से प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेल सके हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम मैच में खेले थे। हालांकि, उन्होंने सिर्फ पहली पारी में गेंदबाजी की थी इसके बाद वह आगे नहीं खेल सके थे। बुमराह को शुरूआत में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी चुना गया था, लेकिन बाद में उनकी जगह हर्षित राणा को मौका दिया गया।

# कप्तानी छोड़कर खुश हैं जोस बटलर

एजेंसी ● अहमदाबाद

आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस के लिए जोस बटलर को टीम में शामिल करना सही फैसला साबित हुआ है। इस सीजन टीम के दो बल्लेबाज जो फॉर्म में हैं, उनमें साई सुदर्शन के अलावा बटलर हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हराने में बटलर ने अहम भूमिका निभाई थी। वह तीन पारियों में 83 की औसत और करीब 173 के स्ट्राइक रेट से 166 रन बना चुके हैं। बटलर ने कहा कि इसमें इंग्लैंड की कप्तानी छोड़ने के फैसले ने अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा है कि वह कप्तानी छोड़कर खुश हैं और अच्छी मानसिकता के साथ बल्लेबाजी कर रहे हैं।

बटलर ने कहा कि अपनी राष्ट्रीय टीम की कप्तानी छोड़ने के बाद वह हल्का महसूस कर रहे हैं और आईपीएल में खुलकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड की टीम चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाई थी। इसके बाद बटलर ने कप्तानी छोड़ दी थी। वह इस दौरान खुद ही रन बनाने के लिए जूझ रहे थे। हालांकि, आईपीएल में गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए उन्होंने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। इस 34 वर्षीय



बल्लेबाज ने अब तक तीन पारियों में दो अर्धशतक लगाए हैं।

बटलर ने कहा, 'मैं निश्चित तौर पर काफी हल्का महसूस कर रहा हूं। कप्तान के रूप में जब आप अनुकूल परिणाम हासिल नहीं करते हो तो आप पर इसका दबाव पड़ता है तथा आप चीजों को सही करने के लिए अपना काफी समय और ऊर्जा लगाते हो, लेकिन अब कप्तानी की जिम्मेदारी से मुक्त होने के बाद मैं काफी सहज महसूस कर रहा हूं। अब मैं अपना पूरा ध्यान अपने खेल पर लगा सकता हूं।'

बटलर टी20 क्रिकेट में सलामी बल्लेबाज के रूप में खेलते रहे हैं लेकिन हाल में वह इंग्लैंड और अब आईपीएल में गुजरात की तरफ से तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने को लेकर सहज हूं। मैंने हाल में इंग्लैंड की तरफ से भी इस नंबर पर बल्लेबाजी की थी और मैं सलामी बल्लेबाज के रूप मेंअपने अनुभव का इस्तेमाल कर रहा हूं।'

बटलर ने गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व कौशल और साईं सुदर्शन की बल्लेबाजी की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा, 'गिल शानदार कप्तान है। उसके पास नेतृत्व कौशल के अच्छे गुण हैं। वह आगे बढ़कर टीम का नेतृत्व करता है। वह सभी के साथ मिलकर रहता है। मैं वास्तव में उसकी कप्तानी में खेलने का आनंद ले रहा हूं।' सुदर्शन के बारे में बटलर ने कहा, 'साई वास्तव में प्रभावशाली बल्लेबाज है। वह बेहतरीन खिलाड़ी है। मैं जानता था कि वह अच्छा खिलाड़ी है लेकिन जब आपको करीब से देखने का मौका मिलता है अब आप सही आकलन कर सकते हैं। वह शानदार बल्लेबाज है और उसका भविष्य उज्जवल है।'



नीदरलैंड के एम्स्टर्डम से कुछ ही दूर लिस्से में ट्यूलिप के खेतों के बीच बसा विश्व प्रसिद्ध केकेनहॉफ़ गार्डन वसंत ऋतु के लिए खुल गया है, जो दर्शकों का स्वागत करता है। दर्शक यहां ट्यूलिप के साथ फ़ोटो और सेल्फी लेते हैं।

## शॉट न्यूज

### गाजा में स्कूल पर हमला, 100 लोग मारे

**गाजा।** गाजा में दुनिया भर के तमाम प्रयासों के बाद भी स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार की किए गए इजरायली हमलों में करीब 100 लोगों के मरने का दावा किया जा रहा है। फिलिस्तिनी अधिकारियों के मुताबिक गाजा के एक स्कूल पर किए गए इजरायली हमले में करीब 27 लोगों की मौत हो गई है, जबकि सैंकड़ों लोग घायल हो गए हैं। इसके अलावा गाजा में दूसरी जगहों पर भी बड़ी इमारतों को निशाना बनाकर इजरायली सेना ने बमबारी की जिसमें कई नागरिकों की मौत हो गई है। एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायली सेना की तरफ से कहा गया कि हमारे इस हमले का उद्देश्य हमास पर दवाब बनाकर उसे गाजा से खदेड़ देना है। वहीं फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता जहीर अल वाहिदी ने कहा कि गाजा शहर के तुफाह में स्थित एक स्कूल से 14 बच्चों और 5 महिलाओं के शव मिले हैं। अभी हम बर्बाद हुई इमारतों में और छानबीन कर रहे हैं।

### चेन्नई में लगेगी कार्ल मार्क्स की प्रतिमा, सीएम स्टालिन का ऐलान

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने मशहूर जर्मन दार्शनिक और क्रांतिकारी समाजवादी कार्ल मार्क्स की याद में चेन्नई में एक मूर्ति लगाने का फैसला किया है। इसके साथ ही, अखिल भारतीय फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता पीके मूकैया थेवर की याद में मदुरै के उसिलमपट्टी में एक स्मारक भी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कल विधानसभा में रूल 110 के तहत यह ऐलान किया। स्टालिन ने कहा कि द्रविड़ मॉडल सरकार का मकसद क्रांतिकारी विश्व नेताओं को सम्मान देना और उनके योगदान को उजागर करना है। उन्होंने कहा, 'कार्ल मार्क्स ने हमें 'दुनिया के मजदूरों, एक हो!' का नारा दिया था। उन्होंने मार्क्स को इतिहास बदलने वाला विचारक बताते हुए कहा कि उनकी सोच ने विश्व-क्रांतियों की नींव रखी और दुनिया में कई अहम बदलावों की बुनियाद डाली।सीएम स्टालिन ने यह भी जोड़ा कि इस साल 14 मार्च को पेश किया गया।


### दुनिया में टैरिफ वॉर शुरू... पेंगुइन्स से टैरिफ वसूलेंगे ट्रम्प!

# 10 साल में इंसान ने नहीं रखा कदम, वहां भी लगाया 10 फीसदी टैरिफ

**एजेंसी ● वॉशिंगटन**

**पलटवार**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो अप्रैल को ताबड़तोड़ तरीके से कई देशों पर रियायती रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए। वहीं अंटार्कटिका के पास मेनलैंड ऑस्ट्रेलिया के एक ऐसे आइलैंड पर भी 10 फीसदी टैरिफ लगाया गया है, जहां कोई इंसान नहीं रहता। ऑस्ट्रेलियाई सरकार के अधीनस्थ हर्ड द्वीप और मैकडोनाल्ड द्वीप को पृथ्वी के सबसे निर्जन स्थानों में से एक माना जाता है। ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर से यहां नौका से दो हफ्ते की यात्रा कर पहुंचा जा सकता है और सबसे हैरतअंगेज बात ये है कि यहां कथित तौर पर पिछले एक दशक में किसी भी इंसान ने कदम तक नहीं रखा है। ऐसे में ट्रंप की ओर से





हर्ड द्वीप और मैकडोनाल्ड द्वीप पर टैरिफ लगाने के बाद ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने पलटवार करते हुए कहा कि इस धरती पर कोई भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन के टैरिफ का कोई तर्क नहीं है। ये किसी दोस्त का व्यवहार नहीं हो सकता। इस दौरान अल्बनीज ने ये भी कहा कि ऑस्ट्रेलिया प्रतिक्रियास्वरूप अमेरिका पर किसी तरह का रेसिप्रोकल टैरिफ नहीं लगाएगा। उन्होंने कहा कि हम ऐसी अंधी दौड़ में शामिल नहीं होंगे जहां कीमतें तो आसमान छूती हुई हों और ग्रोथ रसातल पर चली जाए। ऑस्ट्रेलिया के अंटार्कटिका प्रोग्राम के तहत पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के फ्रेमैंटल से हर्ड द्वीप पहुंचने में लगभग 10 दिन का समय लगता है और यह मौसम की स्थिति पर निर्भर करता है। यहां पर इंसान नहीं रहते बल्कि यह पेंगुइन, सील और अलग-अलग तरह की पक्षियों की प्रजातियों का रैन बसेरा है। बता दें कि ट्रंप ने दो अप्रैल को व्हाइट हाउस के रोज गार्डन में मीडिया को संबोधित करते हुए 180 देशों पर रियायती रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया। उन्होंने इस दौरान कहा कि हम अमेरिका को फिर से संपन्न बनाएंगे।

### ट्रम्प टैरिफ के जवाब में कनाडा ने भी लगाया 25% टैरिफ

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ ऐलान के बाद ट्रेड वॉर तेज हो गया है। कनाडा ने अमेरिकी कारों पर 25% टैरिफ का ऐलान किया है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिका में अपने सभी निवेश रोक दिए हैं। मैक्रों ने कहा, ट्रम्प को यूरोपीय यूनियन पर से 20% टैरिफ वापस लेना होगा। ट्रम्प ने भारत पर 27% टैरिफ लगाया है। नई टैरिफ दरें 9 अप्रैल से लागू होंगी।

### सिंध प्रांत से 159 लोग पहुंचे

# पाक से भारत आया हिंदू परिवार, बॉर्डर पर बच्ची को जन्म दिया

**एजेंसी ● अमृतसर**



भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर एक अनोखा पल देखने को मिला, जब पाकिस्तान के सिंध प्रांत से भारत आई एक महिला ने अटारी बॉर्डर पर बच्ची को जन्म दिया। गुरुवार को सिंध से 159 हिंदू प्रवासियों का जत्था वाघा-अटारी बॉर्डर के रास्ते भारत पहुंचा, जिनमें माया नाम की गर्भवती महिला भी शामिल थी। भारत में इमिग्रेशन प्रक्रिया के दौरान ही उसे अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। महिला के पति खानू ने तुरंत अधिकारियों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद बॉर्डर पर मौजूद भारतीय प्रशासनिक अफसरों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे अटारी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ घंटों के इलाज के बाद महिला ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। बच्ची का जन्म भारत की भूमि पर होने के कारण माता-पिता ने उसका नाम 'भारती' रखने का फैसला किया। डिलीवरी के बाद डॉक्टरों ने जच्चा और बच्ची दोनों को पूरी तरह स्वस्थ बताते हुए अस्पताल से छुट्टी दे दी। बच्ची के पिता खानू ने बताया कि वे अपने परिवार सहित पाकिस्तान के सिंध प्रांत से भारत आए हैं, जहां हिंदुओं के लिए हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हम पाकिस्तान में रोजगार और सुरक्षा की कमी से परेशान थे। वहां हिंदुओं के लिए हालात बहुत खराब हो चुके हैं। धार्मिक उत्पीड़न और बेटियों की सुरक्षा को लेकर हमेशा डर बना रहता था, इसलिए हमने भारत आने का फैसला किया।' उनका कहना है कि अब वे भारत में स्थायी रूप से बसने और नागरिकता संशोधन कानून (CAA) के तहत भारतीय नागरिकता प्राप्त करने की उम्मीद में हैं। इस घटना ने भारत में इन प्रवासी हिंदू परिवारों की नई शुरुआत को एक नया अर्थ दे दिया है। जहां वे अपने अस्तित्व और भविष्य की सुरक्षा को लेकर चिंतित थे, वहीं भारत की जमीन पर जन्मी 'भारती' उनके लिए उम्मीद की नई किरण बनकर आई है।

### हैदराबाद यूनिवर्सिटी के पास जंगल काटने का मामला

# तेलंगाना में पेड़ कटाई की स्थिति गंभीर : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी ● हैदराबाद**

**मामला**

हैदराबाद यूनिवर्सिटी के पास की जमीन पर किसी भी तरह की गतिविधि पर कल सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा- तेलंगाना सरकार को जमीन पर पेड़ों की सुरक्षा के अलावा कोई गतिविधि नहीं करनी चाहिए। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने राज्य में पेड़ों की कटाई को बहुत गंभीर बताया। पीठ ने कहा- तेलंगाना हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार की रिपोर्ट इसकी खतरनाक तस्वीर दिखाती है। रिपोर्ट से पता चलता है कि बड़ी संख्या में पेड़ काटे गए हैं। इसके अलावा पीठ ने तेलंगाना के मुख्य सचिव से यूनिवर्सिटी के पास की जमीन पर पेड़ काटकर काम शुरू करने की जल्दी पर जवाब मांगा है। साथ ही पूछा है कि क्या राज्य ने इस तरह की गतिविधियों (पेड़ों की कटाई) के लिए पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का असेसमेंट सार्टिफिकेट लिया है।

**बीते दिन सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया** - सुप्रीम कोर्ट ने 2 अप्रैल को यूनिवर्सिटी के पास की 400 एकड़ जमीन पर पेड़ों की कटाई का संज्ञान लिया था। कोर्ट ने तेलंगाना हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार को साइट का दौरा कर रिपोर्ट पेश करने का भी निर्देश दिया था। मामले में अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी। यूनिवर्सिटी के छात्रों ने पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं को लेकर 30 मार्च को विरोध प्रदर्शन किया था। जमीन साफ करने के लिए पुलिस की मौजूदगी में दर्जनों बुलडोजर लाए गए थे। इस दौरान छात्रों और पुलिस के बीच तीखी झड़प हुई थी।



### विपक्ष बोला- मोहब्बत की दुकान नहीं, विश्वासघात का बाजार

विपक्षी पार्टी बीआरएस ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधते एक्स पर लिखा- कांग्रेस की 'मोहब्बत की दुकान' अब हैदराबाद यूनिवर्सिटी तक पहुंच गई है। राहुल गांधी हाथ में संविधान लेकर उपदेश देते फिर रहे हैं, जबकि उनकी सरकार इसके विपरीत काम कर रही है। यह मोहब्बत की दुकान नहीं विश्वासघात का बाजार है। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने कहा, 'राहुल गांधी मुंबई में आरे और छत्तीसगढ़ में हसदेव जंगलों के लिए आवाज उठा चुके हैं। फिर आज जब उनकी पार्टी की सरकार छात्रों पर अत्याचार कर रही है और पर्यावरण नष्ट कर रही है, तो वे चुप क्यों हैं।'

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)